वर्ष : 34 ▸ अंक : 98 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, शनिवार, 14 जून 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल



DBD
दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

# अहमदाबाद विमान हादसा

# अब तक 270 शव बरामद

## पुलिस ने दर्ज किया एक्सीडेंटल डेथ का केस

अहमदाबाद के मेघानीनगर इलाके में गुरुवार को हुए एयर इंडिया विमान हादसे में 265 लोगों की मौत के मामले में पुलिस ने एक्सीडेंटल डेथ का केस दर्ज किया है।

## प्लेन हादसे की जांच में 8

प्लेन हादसे की जांच में 8 एजेंसियां नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी, गुजरात पुलिस, एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो (AAIB) डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA), यूनाइटेड किंगडम की एयर एक्सीडेंट्स इन्वेस्टीगेशन ब्रांच (UK-AAIB) यूनाइटेड स्टेट्स की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (NTSB), फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (FAA) शामिल हैं।



## 07 लोगों की हुई पहचान

- ब्लैक बॉक्स मिला, इसका डेटा बताएगा क्यों हुआ प्लेन क्रैश
- AAIB समेत 8 एजेंसियों ने शुरू की जांच

**एजेंसी । अहमदाबाद**

अहमदाबाद में गुरुवार को हुए एयर इंडिया फ्लाइट AI-171 हादसे के एक दिन बाद शुक्रवार को एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (AAIB) ने बड़ी सफलता हासिल की है। हादसे के ब्लैक बॉक्स को खोज लिया गया है, जो एक हॉस्टल की छत पर मिला। इस ब्लैक बॉक्स के जरिए हादसे से ठीक पहले के पलों में क्या हुआ, इसकी जानकारी मिल सकेगी।

## पूर्व मुख्यमंत्री की पहचान अब तक नहीं

इस विमान में कुल 242 लोग सवार थे, जिनमें 12 क्रू मेंबर भी शामिल थे। दुर्भाग्य से, इस भयानक हादसे में सिर्फ एक यात्री की जान बच पाई है। मृतकों में राजस्थान के 13, मध्य प्रदेश, हरियाणा और बिहार से एक-एक व्यक्ति शामिल हैं। इस हादसे में पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के भी शामिल होने की आशंका है, लेकिन अब तक उनके शव की पहचान नहीं हो सकी है। परिजनों के DNA टेस्ट लिए जा रहे हैं ताकि शवों की पुष्टि की जा सके।

## 270 शव बरामद, DNA टेस्ट के बाद सौंपे जा रहे पार्थिव शरीर

रेस्क्यू टीम ने अब तक 270 शव बरामद कर लिए हैं। सिविल अस्पताल में अब तक 270 से ज्यादा शवों का पोस्टमॉर्टम हो चुका है। इसके अलावा, 220 लोगों की डीएनए सैंपलिंग की जा चुकी है। 7 शवों की शिनाख्त हो गई है और शव परिजनों को सौंपे जा चुके हैं।

## पीएम मोदी ने घटनास्थल का दौरा कर जताया शोक



अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को हादसे की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया और घायलों से मिलने सिविल अस्पताल पहुंचे। प्रधानमंत्री ने घायल यात्री विश्वास कुमार रमेश समेत 25 अन्य लोगों से मुलाकात कर उन्हें धैर्य रखने को कहा। उन्होंने कहा कि हादसे में जो जख्म मिला है, उसे कभी भरा नहीं जा सकता।

### अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

पीएम मोदी ने सिटी एयरपोर्ट के पास स्थित गुजरात सेल भवन में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल और के. राम मोहन नायडू सहित अन्य उच्च अधिकारियों के साथ बैठक कर घटनाक्रम की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### विजय रुपाणी के परिवार से मुलाकात

हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी की भी मौत हो गई। पीएम मोदी ने रुपाणी की पत्नी अंजली रुपाणी और अन्य परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना जताई। उन्होंने कहा कि विजयभाई को मैं दशकों से जानता था। हमने मिलकर गुजरात को नई ऊंचाई पर पहुंचाया, उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।

## अब हर उड़ान से पहले बोइंग 787 की जांच जरूरी

नई दिल्ली। डीजीसीए ने शुक्रवार को एअर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर बेड़े के सुरक्षा जांच के आदेश दिए हैं। यह आदेश 12 जून को अहमदाबाद प्लेन हादसे में 241 लोगों की मौत के एक दिन बाद जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि बोइंग के 787-8 और 787-9 हवाई जहाजों की हर उड़ान से पहले जांच होगी। सभी रिपोर्ट्स DGCA को सौंपी जाएंगी। डीजीसीए ने एअर इंडिया को जेनएक्स इंजन वाले बोइंग 787-8 और 787-9 विमानों के अतिरिक्त रखरखाव का निर्देश दिया है। यह आदेश 15 जून से लागू हो जाएगा। टाटा ग्रुप की एयर इंडिया के बेड़े में 26 बोइंग 787-8 और 7 बोइंग 787-9 हैं।

### हर उड़ान से पहले ये 9 जांच जरूरी

- फ्यूल सिस्टम की जांच यानी ईंधन से जुड़े पैरामीटर सही हैं या नहीं।
- कैबिन में हवा पहुंचाने वाले सिस्टम की जांच।
- इंजन कंट्रोल सिस्टम की जांच।
- इंजन में ईंधन डालने और ऑयल सिस्टम की जांच।
- हाइड्रोलिक सिस्टम की जांच, जो प्लेन के पहिए, ब्रेक कंट्रोल करता है
- टेक-ऑफ के आंकड़ों जैसे रफ्तार, वजन की दोबारा समीक्षा।
- एक नया फ्लाइट कंट्रोल चेक होगा, जो हर स्टॉप पर किया जाएगा।
- पावर टेस्ट (इंजन ताकत की जांच) अगले 2 हफ्ते में करना अनिवार्य है।
- पिछले 15 दिन में इन विमानों में जो भी खराबी बार-बार आई है, उसकी जांच पूरी किए बिना कोई मेंटेनेंस बंद नहीं होगा।

## खबर संक्षेप

### महिला यू ट्यूबर की हत्या में दो निहंग गिरफ्तार

**बठिंडा।** पंजाब की महिला यू ट्यूबर की हत्या के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है जबकि मुख्य साजिशकर्ता अभी भी फरार है। हत्यारों को महिला द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट की जाने वाली सामग्री पर आपत्ति थी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमनीत कोंडल ने कहा कि सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर व यू ट्यूबर कंचन कुमारी की हत्या के मामले में तीन में से दो आरोपी जसप्रीत सिंह व निमरजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया है जबकि हत्या का मुख्य साजिशकर्ता अमृतपाल सिंह मेहरोन अभी भी फरार है। कोंडल ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी निहंग हैं, वहीं तीसरा आरोपी स्वयंभू सिख कट्टरपंथी नेता है।

### श्री विट्ठल मंदिर परिसर में वीआईपी वाहनों पर प्रतिबंध

पंढरपूर। पंढरपूर में वृद्ध भक्तों को धक्का मारते हुए, भीड़ के बीच से रास्ता बनाकर जाने वाले वीआईपी वाहनों को श्री विट्ठल मंदिर परिसर में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। आषाढ़ी वारी की तैयारियों का निरीक्षण करने के लिए मंत्री और अधिकारियों की पंढरपूर में बढ़ती आवाजाही के कारण ये वीआईपी गाड़ियों के काफिले भक्तों, एंबुलेंस, और अग्निशामक वाहनों के लिए परेशानी का कारण बन रहे थे। सोलापुर के जिलाधिकारी कुमार आशीर्वाद ने एक नीति निर्णय लेते हुए वारकरी भक्तों और पंढरपूर के निवासियों को राहत देते हुए छत्रपति शिवाजी चौक पर वीआईपी वाहनों को श्री विट्ठल मंदिर की ओर जाने से रोक लगाई है।

### दरगाह के पास सिलेंडर विस्फोट

**मुंबई।** मुंबई के माहिम इलाके में मखदूम शाह दरगाह के पास शुक्रवार शाम एक भोजनालय में एलपीजी सिलेंडर विस्फोट हो जाने के कारण तीन लोग घायल हो गए। अग्निशमन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घायलों में से एक की हालत गंभीर है। उन्होंने बताया कि विस्फोट के बाद शाम छह बजकर 17 मिनट पर आग लग गई और छह बजकर 40 मिनट तक आग पर काबू पा लिया गया।

# ई-कैबिनेट योजना पर ग्रहण

## मंत्रियों को अभी नहीं मिलेंगे आईपैड

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र मंत्रिपरिषद के सभी मंत्रियों को मिलने वाले iPad अभी और देरी से मिल सकते हैं। कारण यह है कि ठेकेदार कंपनी ने सरकार को ई-मेल के जरिए सूचित किया है कि वह तय समय सीमा—एक सप्ताह—के भीतर 50 iPad और संबंधित एक्सेसरीज़ (जैसे मैजिक कीबोर्ड, एप्पल पेंसिल, कवर आदि) उपलब्ध नहीं करा सकती। इसके बाद सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने पूरी खरीदी प्रक्रिया रद्द कर दी है।



### 1 करोड़ से अधिक की मंजूरी, फिर भी नहीं मिल रहे उपकरण

इस योजना के लिए सरकार ने पहले ही 1 करोड़ 6 लाख 57 हजार 583 रुपए की खरीदी को मंजूरी दी थी। 4 जून 2025 को ई-कैबिनेट व्यवस्था लागू करने के लिए एप्पल ब्रांड के iPad खरीदने का निर्णय लिया गया था। इसके लिए रेडियस सिस्टिम्स कंपनी को टेंडर दिया गया था। तय शर्तों के मुताबिक, कंपनी को 7 दिनों के भीतर iPad के साथ-साथ एप्पल कीबोर्ड, पेंसिल, कवर, अडेप्टर और केबल भी देना था। खास बात यह थी कि कवर पर 'अशोक स्तंभ, सत्यमेव जयते' और 'महाराष्ट्र शासन' शब्दों की एम्बॉसिंग भी होनी थी।

### पहले भी हुआ था टेंडर फेल

इससे पहले 9 अप्रैल 2025 को भी iPad खरीदी के लिए ई-टेंडर निकाला गया था, लेकिन तकनीकी जांच में कोई भी कंपनी पात्र नहीं पाई गई। इसके बाद 13 मई 2025 को दोबारा टेंडर जारी हुआ और उसी के आधार पर ठेका दिया गया था।

### अब सरकार को लेना होगा नया फैसला

42 मंत्रियों (मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री समेत) के लिए प्रस्तावित ई-कैबिनेट योजना फिलहाल ठप्प हो गई है। अब सरकार को नए सिरे से ठेका देने का निर्णय लेना होगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पहले ही 2 जनवरी 2025 को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में ई-कैबिनेट प्रणाली लागू करने का निर्देश दे चुके हैं, लेकिन उसके कार्यान्वयन में अड़चनें अब तक खत्म नहीं हो पाई हैं।

# महाराष्ट्र साइबर सेल ने रोकी 700 करोड़ की ऑनलाइन ठगी

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र साइबर सेल ने ऑनलाइन फ्रॉड के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए वर्ष 2019 से 2025 के बीच 700 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी की राशि को फ्रीज कर दिया है। यह रकम उन लाखों शिकायतों के आधार पर ट्रैक की गई जो नेशनल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और 1945 पर दर्ज कराई गई थीं। यह रकम साइबर अपराधियों के खाते में जाने से पहले ही रोक दी गई, जिससे लाखों लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है।



### बैंकों और वॉलेट कंपनियों का सहयोग

साइबर सेल अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई बैंकों, पेमेंट गेटवे और डिजिटल वॉलेट कंपनियों के सहयोग से संभव हो सकी। फिलहाल, फ्रीज की गई राशि का रिफंड कानूनी प्रक्रिया के तहत तय किया जाएगा, लेकिन अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि पीड़ितों को जल्द ही पैसे वापस मिल सकते हैं। हालांकि, यह भी कहा गया कि पूरी प्रक्रिया में समय लग सकता है।

### मुंबई बना साइबर ठगी का सबसे बड़ा केंद्र

महाराष्ट्र साइबर द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, मुंबई साइबर ठगी के मामलों में शीर्ष पर है। सिर्फ साल 2024 में मुंबई से 54,836 साइबर फ्रॉड की शिकायतें दर्ज की गईं। इसके बाद पुणे से 26,332 और ठाणे से 23,148 शिकायतें आईं। नवी मुंबई और पिंपरी-चिंचवड़ में भी बड़ी संख्या में मामले सामने आए हैं।

### हर दिन आते हैं 8000 से ज्यादा कॉल

साइबर सेल अधिकारियों का कहना है कि महाराष्ट्र में हर दिन लगभग 8000 साइबर ठगी की शिकायतें आती हैं और अब तक इन पर 100% प्रतिक्रिया दी गई है। जैसे ही किसी संदिग्ध लेन-देन की जानकारी मिलती है, तुरंत संबंधित बैंक को अलर्ट भेजा जाता है और फंड को होल्ड करने या रोकने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाती है।

# इजराइल की ईरान पर एयर स्ट्राइक

## 78 की मौत, 329 घायल



**एजेंसी । तेहरान/तेल अवीव**

इजराइल ने शुक्रवार सुबह 200 फाइटर जेट्स से ईरान के 6 ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। इसमें 78 लोग मारे गए और 329 घायल हो गए। मरने वालों में ईरान के 6 परमाणु वैज्ञानिक और टॉप 4 मिलिट्री कमांडर समेत 20 सैन्य अफसर हैं। इजराइली हमले के जवाब में ईरान ने दोपहर में पलटवार किया और 100 से ज्यादा ड्रोन दागे। इजराइली सेना (IDF) ने दावा किया है कि उन्होंने सभी ड्रोन मार गिराए। अभी तक एक भी ड्रोन इजराइल की सीमा में नहीं पहुंचा। इस बीच इजराइली पीएम नेतन्याहू ने पीएम मोदी से फोन पर बात कर मिडिल ईस्ट के हालात की जानकारी दी। नेतन्याहू जल्द ट्रम्प और पुतिन से बात करेंगे।

▸▸ पेज 8 भी देखें

# एनसीपी शरद गुट के लिए सभी विकल्प खुले



- बीजेपी को छोड़कर किसी के साथ कर सकते हैं गठबंधन

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र में आगामी महीनों में प्रस्तावित स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक हलकों में सरगर्मी तेज हो गई है। खासतौर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) की रणनीति को लेकर कयासों का बाजार गर्म है। सूत्रों की मानें तो एनसीपी (शरद पवार गुट) भारतीय जनता पार्टी (BJP) को छोड़कर किसी भी राजनीतिक दल के साथ गठबंधन करने के विकल्प पर विचार कर रही है। यहां तक कि अजित पवार गुट से भी हाथ मिलाने की संभावना को दरकिनार नहीं किया गया है।

### MVA में नहीं बनी स्पष्टता, घटक दलों के अपने-अपने रास्ते

महाविकास अघाड़ी (MVA), जिसमें शिवसेना (UBT), कांग्रेस और शरद पवार गुट की एनसीपी शामिल है, के घटक दल अभी स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर एकमत नहीं दिख रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, इन दलों के बीच अब तक साझा रणनीति या गठबंधन को लेकर कोई ठोस बातचीत नहीं हुई है। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि क्या ये दल आगामी चुनाव में एकसाथ लड़ेंगे या फिर अपने-अपने बूते उतरेंगे?

### स्थानीय स्तर पर गठबंधन के फैसले, पूर्ण स्वतंत्रता की तैयारी

टीवी9 मराठी की रिपोर्ट के मुताबिक, शरद पवार गुट स्थानीय निकाय चुनाव के लिए गठबंधन का फैसला स्थानीय स्तर पर पार्टी नेताओं को लेने की छूट दे सकता है। इससे संकेत मिलता है कि पार्टी चुनावी लाभ के लिए लचीला रुख अपनाने को तैयार है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि अजित पवार और शरद पवार के गुट एकसाथ आते हैं, तो यह महायुति (BJP, शिंदे गुट, अजित पवार गुट) के समीकरणों को झटका दे सकता है। वहीं, यदि शरद पवार गुट BJP को छोड़ किसी भी अन्य दल से गठबंधन करता है, तो MVA की साख पर भी असर पड़ सकता है।

### 2024 विधानसभा चुनाव में महायुति का प्रदर्शन दमदार

महायुति गठबंधन ने 2024 विधानसभा चुनाव में जोरदार प्रदर्शन करते हुए 288 में से 234 सीटों पर कब्जा किया था। इस गठबंधन में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार प्रमुख चेहरे हैं। महाविकास अघाड़ी ने लोकसभा चुनाव में 48 में से 30 सीटें जीतकर प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराई थी। हालांकि विधानसभा चुनाव में यह गठबंधन सिर्फ 50 सीटों पर सिमट गया, जिससे उसे विपक्ष का दर्जा भी नहीं मिल पाया।

# रिंग रेलवे मेट्रो परियोजना को मिली गति

- ठाणे में 29 किमी लंबी मेट्रो रिंग रेलवे का कार्य तेज
- 1400 करोड़ की निविदा अंतिम चरण में

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के प्रयासों से ठाणे में यात्रियों को भीड़भाड़ से राहत देने वाली रिंग रेलवे मेट्रो परियोजना को केंद्र और राज्य सरकार से मंजूरी मिल चुकी है। परियोजना को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए ठाणे के सांसद नरेश म्हास्के लगातार उच्च अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकें कर रहे हैं। मेट्रो का कार्य वर्ष 2029 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस परियोजना की कुल लंबाई 29 किलोमीटर है, जिसमें से 3 किमी अंडरग्राउंड मेट्रो होगी। परियोजना के तहत 22 एलिवेटेड स्टेशन और 2 भूमिगत स्टेशन बनाए जाएंगे। भूमिगत स्टेशन पुराने और नए ठाणे रेलवे स्टेशन को जोड़ेंगे।



### पहली चरण के लिए 1400 करोड़ की निविदा

रायलदेवी से बालकुम नाका तक 20 किलोमीटर लंबे पहले चरण के लिए 1400 करोड़ रुपए की निविदा मंजूरी के अंतिम चरण में है। भूमिगत मेट्रो से जुड़े निर्माण के विषय में लोगों में फैली गलतफहमियों को दूर किया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भूमिगत लाइन से किसी भी इमारत या संरचना को कोई नुकसान नहीं होगा।

### डिपो निर्माण की तैयारी

वडवली और कावेसर में डिपो निर्माण के लिए सर्वेक्षण किया जा रहा है। नागरिकों की शिकायतों के समाधान के बाद डिपो निर्माण के लिए टेंडर अंतिम चरण में है। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने निर्देश दिया है कि मेट्रो स्टेशनों को आधुनिक और प्रतीकात्मक (आयनिक) स्वरूप दिया जाए। इसके लिए विस्तृत योजना तैयार की जा रही है।

### सांसद ने केंद्र में उठाया मुद्दा

हाल ही में दिल्ली में आयोजित संसदीय शहरी विकास समिति की बैठक में भी सांसद नरेश म्हास्के ने इस परियोजना को लेकर अपनी बात रखी थी। केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पर तेजी से मंजूरी दी और पर्याप्त वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराई।

### मेट्रो मार्ग और स्टेशन

रिंग रेलवे मेट्रो का मार्ग रायलदेवी, बालकुम, कोलशेत, हीरानंदानी एस्टेट, ग्लैडिस रोड, पोखरण रोड 1-2, लोकमान्य नगर, रोड नंबर 22, वागले एस्टेट, ठाणे कॉलेज रोड, ठाणे स्टेशन, राबोडी से होते हुए गुजरेगा।

# जलकुंभी से पटी कामवारी नदी, संकट में अस्तित्व

- पुनरोद्धार योजना भी सिर्फ कागजों में

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी तालुका से होकर बहने वाली कामवारी नदी आज अपने अस्तित्व के सबसे बड़े संकट से गुजर रही है। यह नदी पूरी तरह से हरी जलकुंभियों से ढकी हुई है, जिससे इसकी पहचान तक मिटती जा रही है। दूर से देखने पर यह नदी किसी हरे मैदान जैसी दिखाई देती है। स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं – 'क्या वाकई यहां कोई नदी है?'



### 32 किमी लंबी नदी आज दुर्दशा का शिकार

देपीवली गांव की पहाड़ियों से निकलकर कामवारी नदी लगभग 32 किलोमीटर का सफर तय करती है। यह भिवंडी मनपा क्षेत्र से गुजरती हुई अंततः वसई खाड़ी में मिल जाती है। लेकिन आज शेलार क्षेत्र में नदी का बहाव रुक-सा गया है, और उसकी जगह जलकुंभियों ने ले ली है।

### प्रदूषण ने बिगाड़ी नदी की सेहत

शेलार ग्राम पंचायत क्षेत्र में नदी में साइजिंग और डाइंग कारखानों का रासायनिक पानी और भिवंडी शहर के सीवेज प्रोजेक्ट का गंदा पानी सीधे नदी में छोड़ा जा रहा है। इससे न सिर्फ जल प्रदूषित हो रहा है, बल्कि नदी के जलीय जीवों का जीवन भी खतरे में है। सरकार की नदी पुनरोद्धार परियोजना के तहत कामवारी नदी को सूचीबद्ध किया गया है। लेकिन जिला प्रशासन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और भिवंडी मनपा इस पर कोई गंभीर कदम नहीं उठा रहे हैं। नतीजा – जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठन भी चुप्पी साधे हुए हैं।

### पक्षियों की संख्या बढ़ी, लेकिन पारिस्थितिकी तंत्र खतरे में

एक ओर जहां जलपक्षियों की संख्या नदी के किनारे बढ़ी है, वहीं दूसरी ओर जल संसाधन और पारिस्थितिकी तंत्र बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। सवाल यह है कि क्या इस बढ़ते संकट के बावजूद भी प्रशासन और जनप्रतिनिधि चुप्पी साधे रहेंगे?

# घर और पानी टैक्स में बढ़ोतरी का विरोध

- टैक्स बढ़ोत्तरी तत्काल वापस लेने की मांग

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**



भिवंडी निजामपुर महानगरपालिका द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए घर पट्टी (प्रॉपर्टी टैक्स) और पानी पट्टी (वॉटर टैक्स) में भारी बढ़ोतरी कर दी गई है। इस निर्णय से शहर के नागरिकों में तीव्र आक्रोश फैल गया है। पूर्व उपमहापौर और शिवसेना नेता मनोज काटेकर ने इस टैक्स वृद्धि के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए मनपा आयुक्त को पत्र भेजकर इसे तत्काल रद्द करने की मांग की है। पत्र के अनुसार, आवासीय क्षेत्रों में जल लाभ कर और मलजल लाभ कर (सीवरेज टैक्स) में 15% तथा व्यावसायिक क्षेत्रों में 23% की वृद्धि की गई है। मनोज काटेकर का कहना है कि यह वृद्धि उन नागरिकों के साथ अन्याय है, जो समय पर टैक्स भरते हैं। वहीं, कई ऐसे लोग हैं जो सालों से टैक्स नहीं चुकाते और उन्हें मनपा की ओर से ब्याज माफी मिल जाती है। इससे ईमानदार टैक्सदाताओं में नाराजगी है।

### व्यापारियों का पलायन, मनपा को आर्थिक नुकसान का खतरा

काटेकर ने चेतावनी दी है कि भिवंडी का व्यापारी वर्ग पहले से ही संकट में है और यह टैक्स बढ़ोत्तरी उनके पलायन को तेज कर सकती है। यदि ऐसा होता है, तो महानगरपालिका को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान झेलना पड़ेगा। उन्होंने सुझाव दिया कि व्यावसायिक क्षेत्र में लगाया गया 23% टैक्स घटाकर 5% और आवासीय क्षेत्र का टैक्स 15% से घटाकर 2% किया जाए। शिवसेना नेता ने सुझाव दिया कि भिवंडी मनपा क्षेत्र की सभी संपत्तियों का जीपीएस आधारित सर्वेक्षण और मापन कराया जाए, जिससे असल टैक्स वसूली सुनिश्चित हो सके। इससे मनपा को हर वर्ष 7.5 से 8 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय हो सकती है।

# नालों की सफाई में लापरवाही पर आयुक्त सख्त

### 8 दिन में सभी नालों की सफाई पूरी करने का निर्देश

### सफाई अधिकारी निलंबित

**डीबीडी संवाददाता । कल्याण**

कल्याण (पूर्व) में नालों की सफाई को लेकर महापालिका आयुक्त अभिनव गोयल ने रविवार को 4/जे और 5/ड प्रभाग क्षेत्रों का दौरा कर सफाई कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाए जाने पर 5/ड प्रभाग के स्वच्छता अधिकारी राजेंद्र खैरे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। 4/जे प्रभाग क्षेत्र के लोकग्राम और मंगलराघो नगर में मध्यम श्रेणी के नालों की सफाई की जांच के



दौरान, सहायक आयुक्त सचिन तामखेडे ने बताया कि नालों की करीब 65-70% सफाई पूर्ण हो चुकी है। इस पर आयुक्त गोयल ने निर्देश दिए कि अगले 8 दिनों के भीतर सभी नालों की सफाई पूरी की जाए और जहां से गाद निकाली गई है, उसे तुरंत हटाया जाए।

### आपातकालीन तैयारी पर भी हुई समीक्षा बैठक

निरीक्षण से पहले आयुक्त अभिनव गोयल की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें 4/जे और 5/ड प्रभाग की आपातकालीन स्थितियों से निपटने की पूर्व तैयारी की समीक्षा की गई। इस दौरान खतरनाक इमारतों, खाली कराए गए परिवारों और अनधिकृत होर्डिंग्स पर की गई कार्रवाई की भी विस्तृत चर्चा हुई। निरीक्षण के समय अतिरिक्त आयुक्त हर्षल गायकवाड, शहर अभियंता अनिता परदेशी, उपआयुक्त प्रसाद बोरकर, संजय जाधव, कार्यकारी अभियंता घनःश्याम नवांगुळ, मनोज सांगळे, 4/जे प्रभाग के सहायक आयुक्त सचिन तामखेडे और 5/ड के उमेश यमगर भी उपस्थित थे।

### विजयनगर नाका और तिसगाव पाडा में असंतोषजनक सफाई

5/ड प्रभाग के विजयनगर नाका और तिसगाव पाडा क्षेत्र का निरीक्षण करते समय, नालों की सफाई का कार्य असंतोषजनक पाया गया। इससे नाराज आयुक्त ने स्वच्छता अधिकारी राजेंद्र खैरे को निलंबित कर कार्रवाई की।

# डाइंग फैक्ट्री के गोदाम में लगी भीषण आग

### लाखों का कपड़ा जलकर खाक

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी शहर के पास शेलार ग्राम पंचायत क्षेत्र के नदीनाका इलाके में स्थित खेमीसती डाइंग एंड प्रोसेस कंपनी की दूसरी मंजिल पर मंगलवार को भीषण आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि गोदाम में रखा लाखों रुपए का कपड़ा स्टॉक पूरी तरह जलकर राख हो गया। घटना की सूचना मिलते ही भिवंडी अग्निशमन विभाग की दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने के लिए निजी पानी के टैंकरों की मदद से युद्धस्तर पर प्रयास शुरू



किए गए। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आग पर पूरी तरह काबू पाने में करीब तीन घंटे और लग सकते हैं।

### आग के कारणों की जांच जारी

सौभाग्यवश इस दुर्घटना में किसी के घायल होने या जानमाल की हानि की कोई सूचना नहीं है। आग लगने के सही कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है। फैक्ट्री और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरती जा रही है और पुलिस द्वारा एहतियातन इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट या केमिकल रिएक्शन हो सकती है, लेकिन इसकी पुष्टि जांच के बाद ही की जाएगी।

# 16 जून से 31 जुलाई तक चलेगा 'दस्त रोको' अभियान




**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

ठाणे महानगरपालिका (मनपा) स्वास्थ्य विभाग की ओर से 16 जून से 31 जुलाई 2025 तक 'दस्त रोको' अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को दस्त से बचाना और इलाज उपलब्ध कराना है। अभियान के तहत आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से बच्चों को ओआरएस के पैकेट और जिंक की गोलियां वितरित की जाएंगी। आंगनबाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य संस्थानों पर ओआरएस घोल तैयार करने और हाथ धोने का प्रदर्शन कराया जाएगा ताकि नागरिक स्वच्छता के महत्व को समझ सकें। इसके अलावा, ओआरएस कॉर्नर भी बनाए जाएंगे और दस्त से प्रभावित मरीजों का उपचार किया जाएगा।

# भिवंडी में अब तक घोषित नहीं हुए फेरीवाले क्षेत्र

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**

शहर में रेहड़ी-पटरी वालों के लिए तय क्षेत्र और नो-हॉकर जोन की घोषणा अब तक नहीं की गई है। इसका परिणाम यह है कि फेरीवालों ने शहर की प्रमुख सड़कों पर अवैध रूप से दुकानें सजा ली हैं, जिससे आवागमन बुरी तरह बाधित हो रहा है। मंडई, बाजार, तीनबत्ती, शांतिनगर, गैबीनगर, पद्मानगर, कामतघर, दीवानशाह दरगाह, खांडू पाड़ा और भंडारी चौक जैसे इलाकों में हर दिन जाम की स्थिति बनी रहती है।




न तो नगर पालिका की ओर से ठोस कार्रवाई हो रही है और न ही कोई नीति प्रभावी ढंग से लागू की गई है। रेहड़ी-पटरी वालों का पंजीकरण बेहद धीमी गति से हो रहा है। सरकार ने शहर में 8500 फेरीवालों के सर्वेक्षण का लक्ष्य रखा है, लेकिन अब तक सिर्फ 3200 का ही पंजीकरण हो पाया है।

### स्ट्रीट वेंडर समिति का चुनाव भी लंबित

फेरीवालों के हितों और क्षेत्र निर्धारण के लिए बनाई जाने वाली स्ट्रीट वेंडर समिति का चुनाव भी भिवंडी में अभी तक नहीं हो पाया है। यही कारण है कि फेरीवाले व गैर-फेरीवाले क्षेत्रों की घोषणा अटकी पड़ी है।

# ऑटो रिक्शा की टक्कर से ड्यूटी पर तैनात डीसीपी यातायात घायल

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

ठाणे शहर में ड्यूटी के दौरान एक दर्दनाक हादसे में वरिष्ठ यातायात पुलिस अधिकारी घायल हो गए। मंगलवार रात करीब 10 बजे तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा ने पुलिस उपायुक्त (यातायात) पंकज शिरसाठ को ठाणे-घोड़बंदर रोड पर जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बारे में जानकारी देते हुए एक अधिकारी ने बताया कि डीसीपी शिरसाठ सड़क पर




यातायात व्यवस्था देख रहे थे, तभी तेज गति से आ रहे एक ऑटो रिक्शा ने उन्हें कथित तौर पर जान से मारने की नीयत से टक्कर मारी। हादसे के बाद उन्हें तुरंत वर्तक नगर स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

### चालक को किया गया गिरफ्तार

पुलिस ने घटनास्थल से भागने की कोशिश कर रहे ऑटो चालक को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च स्तरीय जांच शुरू कर दी गई है। यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि घटना में कोई पूर्व नियोजित साजिश शामिल है या नहीं।

# एयर इंडिया प्लेन हादसे पर नाना पटोले ने की उच्चस्तरीय जांच की मांग

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को हुए एयर इंडिया विमान हादसे ने पूरे देश को झकझोर दिया है। हादसे में 242 यात्रियों की जान गई, जिनमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी सहित 168 भारतीय नागरिक शामिल थे। इसी विमान में 52 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और 1 कनाडाई नागरिक भी सवार थे। प्लेन टेकऑफ के कुछ सेकंड बाद ही अस्पताल के हॉस्टल से टकरा गया और उसमें भीषण आग लग गई। महाराष्ट्र कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नाना पटोले ने शुक्रवार को इस विमान हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटना अत्यंत दर्दनाक है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने



इस हादसे में अपनी जान गंवाई है, उनके परिजनों को यह अपार दुख सहने की शक्ति भगवान दें। पटोले ने इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा, 'यह इतिहास का पहला मौका है जब टेकऑफ के कुछ सेकंड बाद विमान हादसे का शिकार हुआ है। सरकार को सच्चाई सामने लानी चाहिए और दोबारा ऐसा न हो, इसके लिए कड़े कदम उठाए जाने चाहिए।'

### 'यह राजनीति का नहीं, संवेदना का समय है'

पटोले ने कहा कि यह समय राजनीति करने का नहीं है। कुछ लोग सरकार से इस्तीफे की मांग कर रहे हैं, लेकिन इस वक्त पीड़ित परिवारों के साथ खड़े रहने की ज़रूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि आरोप-प्रत्यारोप छोड़ कर सरकार को पारदर्शिता से जांच करानी चाहिए ताकि सच्चाई सामने आ सके।

### दुनिया का सबसे बड़ा विमान हादसा करार

कांग्रेस नेता ने इस दुर्घटना को 'दुनिया का सबसे बड़ा विमान हादसा' करार दिया। उन्होंने कहा कि टेकऑफ के तुरंत बाद प्लेन का इस तरह क्रैश होना बेहद गंभीर विषय है। उन्होंने सरकार से अपील की कि इस हादसे की जड़ तक जाकर जांच होनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को टाला जा सके।

# दोपहिया वाहन चोर गिरफ्तार

- 6 बाइक बरामद, 4 चोरी के मामले सुलझे

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी शहर में तेजी से बढ़ती दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं के बीच क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुंब्रा निवासी राजुल नदीम अख्तर अंसारी (24) को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 1.77 लाख रुपए मूल्य के छह बाइक जब्त की गई हैं।



### जांच में शामिल अधिकारी

इस ऑपरेशन का नेतृत्व एपीआई श्रीराज माली व धनराज केदार ने किया, जिसमें कई पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस अब आरोपी से और चोरी के मामलों में पूछताछ कर रही है।

### सूचना के आधार पर की गई गिरफ्तारी

क्राइम ब्रांच के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जनार्दन सोनवणे ने बताया कि नारपोली पुलिस स्टेशन में दर्ज एक चोरी के मामले की जांच के दौरान कांस्टेबल साबिर शेख को मुंब्रा में एक संदिग्ध चोर के बारे में सूचना मिली। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए राजुल को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने नारपोली, निजामपुर, खड़कपाड़ा और माटुंगा पुलिस स्टेशनों में दर्ज चार वाहन चोरी के मामलों को स्वीकार कर लिया।

# रायगढ़ में अवैध निर्माण पर नगर निगम की कार्रवाई

**डीबीडी संवाददाता । रायगढ़**

नगर निगम ने शहर में अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू की है। नगर आयुक्त बृजेश क्षत्रिय ने जानकारी दी कि कुल 295 घरों को स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है, जिनमें से 165 घरों को नगर निगम ने अवैध घोषित किया है। ये सभी निर्माण बिना किसी वैध दस्तावेज या अनुमति के किए गए हैं। नगर आयुक्त ने बताया कि इन अवैध निर्माणों में से करीब 50 मकान नदी की सीमा के अंदर बने हैं, जो पूरी तरह अनधिकृत हैं और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी खतरनाक माने जा रहे हैं। निगम द्वारा चिन्हित इन मकानों को जल्द ही हटाने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि जन सुरक्षा और नदी क्षेत्र की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया जा रहा है। नगर निगम अवैध निर्माण रोकने के लिए आगे भी अभियान चलाएगा और आवश्यकतानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रैफिक उपायुक्त पर जानलेवा हमला, रिक्शा चालक गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

ठाणे शहर के घोड़बंदर रोड पर एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। ठाणे पुलिस के ट्रैफिक उपायुक्त पंकज सिरसाट पर एक ऑटो रिक्शा चालक ने जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी ने उपायुक्त को बीच सड़क पर ऑटो से कुचलने की कोशिश की, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई हैं।

घटना 11 जून की रात की है। उस समय पंकज सिरसाट मानपाड़ा स्थित एमजी ट्रैक्टर शोरूम के पास यातायात व्यवस्था संभालने के लिए अधीनस्थों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। उसी दौरान, रिक्शा चालक हेमंत संतोष वर्मा ने जानबूझकर अपने ऑटो से उन पर हमला



कर दिया। इस हमले में सिरसाट को गंभीर चोटें आई हैं और उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ठाणे पुलिस ने आरोपी हेमंत वर्मा को साठेनगर इलाके से गिरफ्तार कर लिया है।

### कई धाराओं में मामला दर्ज

चितलसर पुलिस स्टेशन में नयन संजय पांडव (27 वर्ष), निवासी रामचंद्र अपार्टमेंट, कल्याण, की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 109, 281, 125(ए), 125(बी), 132, 184, 179 और 125 के तहत केस दर्ज किया गया है।

अहमदाबाद एयर इंडिया हादसा

# महाराष्ट्र के 11 लोगों की मौत की पुष्टि

- 72 घंटे में डीएनए रिपोर्ट की संभावना
- राज्य सरकार ने राहत और सहयोग के दिए निर्देश

**मुंबई/अहमदाबाद** । अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे में महाराष्ट्र के 11 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। इसके अलावा चार एनआरआई नागरिकों की भी इस हादसे में जान चली गई है। राज्य आपातकालीन कक्ष द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मृतकों में एयर इंडिया के 6 क्रू मेंबर और 5 यात्री शामिल हैं। एनआरआई नागरिक छुट्टियों में भारत आए थे और महाराष्ट्र में अपने परिजनों से मिलने जा रहे थे। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने हादसे के बाद तुरंत कार्रवाई शुरू की। राज्य आपातकालीन कक्ष के प्रमुख सतीश कुमार खड़के ने बताया कि दिल्ली स्थित केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से समन्वय कर अहमदाबाद में स्थापित स्थानीय कंट्रोल रूम के माध्यम से मृतकों और उनके परिजनों की पहचान की जा रही है।



### मुख्यमंत्री ने दिए विशेष निर्देश

राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मृतकों के पार्थिव शरीर को महाराष्ट्र लाने, एंबुलेंस की व्यवस्था करने और परिजनों के ठहरने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग इस पूरे समन्वय की जिम्मेदारी संभाल रहा है।

### डीएनए सैंपल लिए गए

हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों के डीएनए सैंपल अहमदाबाद के निजी अस्पताल में लिए जा रहे हैं ताकि मृतकों की पहचान की पुष्टि के बाद शव परिजनों को सौंपे जा सकें। आमतौर पर डीएनए रिपोर्ट आने में एक सप्ताह लगता है, लेकिन प्रशासन इसे प्राथमिकता पर लेकर 72 घंटे के भीतर रिपोर्ट जारी करने की कोशिश कर रहा है। कैप्टन सुमित सभरवाल के पिता का डीएनए सैंपल मुंबई के पवई स्थित घर से लिया गया है।

### महाराष्ट्र के मृतकों की सूची

**एयर इंडिया क्रू मेंबर**
सुमित सभरवाल – मुंबई
अपर्णा महाडिक – मुंबई
मैथिली पाटील – रायगढ़
रोशनी सोनघरे – डोंबिवली
दीपक पाठक – बदलापुर
इरफान शेख – पिंपरी-चिंचवड़

**यात्री**
महादेव पवार – सोलापुर
आशा पवार – सोलापुर
यशा कामदार – नागपुर
रक्षा मोहदा – नागपुर
रूद्र मोहदा – नागपुर

**एनआरआई यात्री (मालाड निवासी):**
अमन अली सैय्यद
जावेद अली सैय्यद
जायन अली सैय्यद
मरियम अली सैय्यद

# मध्य रेल पर मेगा ब्लॉक

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मध्य रेल, मुंबई मंडल रविवार को अपने उपनगरीय खंडों पर विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों को पूरा करने के लिए मेगा ब्लॉक परिचालित करेगा।

### सीएसएमटी मुंबई-विद्याविहार अप और डाउन धीमी लाइनें

सीएसएमटी मुंबई से 10.48 बजे से 15.45 बजे तक छूटने वाली डाउन स्लो सेवाओं को सीएसएमटी मुंबई और विद्याविहार स्टेशनों के बीच डाउन फास्ट लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा और भायखला, परेल, दादर, माटुंगा, सायन और कुर्ला स्टेशनों पर रुकेगी और आगे विद्याविहार स्टेशन पर पुनः डाउन स्लो लाइन पर डायवर्ट की जाएगी। घाटकोपर से 10.19 बजे से 15.52 बजे तक छूटने वाली अप स्लो सेवाएं विद्याविहार और सीएसएमटी मुंबई स्टेशनों के बीच अप फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी और कुर्ला, सायन, माटुंगा, दादर, परेल और भायखला स्टेशनों पर रुकेंगी।



### पनवेल-वाशी अप और डाउन हार्बर लाइन

सीएसएमटी मुंबई के लिए पनवेल से 10.33 बजे से 15.49 बजे तक छूटने वाली अप हार्बर लाइन सेवाएं और सीएसएमटी मुंबई से 9.45 बजे से 15.12 बजे तक छूटने वाली पनवेल/बेलापुर के लिए डाउन हार्बर लाइन सेवाएं रद्द रहेंगी। 11.02 बजे से 15.53 बजे तक पनवेल से ठाणे की ओर जाने वाली अप ट्रांस–हार्बर लाइन सेवाएं और 10.01 बजे से 15.20 बजे तक ठाणे से पनवेल की ओर जाने वाली डाउन ट्रांसहार्बर लाइन सेवाएं रद्द रहेंगी। ब्लॉक अवधि के दौरान सीएसएमटी–वाशी सेक्शन पर विशेष लोकल ट्रेनें चलेंगी। ब्लॉक अवधि के दौरान ठाणे–वाशी/नेरुल स्टेशनों के बीच ट्रांस–हार्बर लाइन सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। ब्लॉक अवधि के दौरान पोर्ट लाइन सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

# सीबीआई का ऑपरेशन 'चक्र–वी'



- दिल्ली, मुंबई, लखनऊ समेत कई शहरों में छापेमारी
- कल्याण से एक आरोपी गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता । नई दिल्ली/मुंबई

देशभर में तेजी से बढ़ते साइबर आधारित वित्तीय अपराधों पर शिकंजा कसते हुए केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) ने ऑपरेशन 'चक्र-वी' के तहत बड़ी कार्रवाई की है। CBI ने दिल्ली, हिसार, लखनऊ, मुंबई, पुणे और नासिक समेत कुल 10 ठिकानों पर छापेमारी की है।

### मुंबई के कल्याण से एक आरोपी गिरफ्तार

इस कार्रवाई में CBI ने ठाणे के कल्याण निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जो इस संगठित साइबर ठगी में सक्रिय भूमिका निभा रहा था। आरोपी साइबर अपराधियों को पहले से सक्रिय सिम कार्ड और 'म्यूल' बैंक खातों की आपूर्ति करता था, जिससे ठगी को अंजाम देना आसान होता था।

### आपत्तिजनक डिजिटल और दस्तावेजी साक्ष्य बरामद

CBI ने आरोपी के पास से बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक डिजिटल और दस्तावेजी सबूत भी जब्त किए हैं। जांच में सामने आया है कि आरोपी एक संगठित गिरोह के लिए काम कर रहा था, जो फर्जी मोबाइल ऐप और व्हाट्सऐप ग्रुप्स के जरिए भोले–भाले निवेशकों को निशाना बनाता था।

### नामी कंपनियों के नाम पर दिलाया झांसा

गिरोह पीड़ितों को नामी कंपनियों के शेयर सस्ते दामों पर दिलवाने का लालच देता था और उनसे पैसे वसूल कर निवेश का वादा करता था। लेकिन बाद में न तो निवेश होता था और न ही पैसा वापस मिलता था। इससे कई लोगों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ।

### सिंडिकेट को खत्म करने की है पूरी तैयारी

CBI का कहना है कि छापेमारी के दौरान मिले डिजिटल साक्ष्य इस बात का सबूत हैं कि साइबर अपराधी किस तरह योजनाबद्ध तरीके से लोगों को धोखा दे रहे हैं। एजेंसी ने यह भी स्पष्ट किया कि ऑपरेशन चक्र–वी के जरिए वह इन संगठित अपराध सिंडिकेट और उनके नेटवर्क को पूरी तरह खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## अब हर साल 22 जुलाई को मनाया जाएगा 'देशी गोवंश जतन और संवर्धन दिवस'

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में देशी गायों के संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। अब हर वर्ष 22 जुलाई को 'देशी गोवंश जतन और संवर्धन दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। यह निर्णय शुक्रवार को राज्य सरकार के पशुसंवर्धन विभाग ने लिया। इस विशेष दिवस पर देशी गायों और उनके उत्पादों के महत्व पर आधारित चर्चा सत्र, प्रदर्शनी, स्वास्थ्य शिविर और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस आयोजन की जिम्मेदारी पशुसंवर्धन आयुक्त और महाराष्ट्र गोसेवा आयोग को संयुक्त रूप से दी गई है। कार्यक्रम में होने वाले खर्च का वहन गोसेवा आयोग द्वारा किया जाएगा। सरकार का मानना है कि राज्य में देशी गोवंश की संख्या में लगातार गिरावट हो रही है। इसे रोकने के लिए उनके संवर्धन, प्रजनन क्षमता और उत्पादन को बढ़ाने हेतु आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया जाएगा। साथ ही पशुपालकों को बाजार उपलब्ध कराना और ग्राहकों को देशी गायों के उत्पादों की उपयोगिता समझाना भी इस पहल का हिस्सा होगा।

# नागपुर में लगेगा हेलीकॉप्टर कारखाना

## मैक्स एयरोस्पेस और महाराष्ट्र सरकार में 8,000 करोड़ का समझौता

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने नागपुर में हेलीकॉप्टर निर्माण इकाई स्थापित करने के लिए मैक्स एयरोस्पेस एंड एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक बड़ा समझौता किया है। शुक्रवार को दोनों पक्षों के बीच एक एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किए गए, जिसके तहत आठ वर्षों में 8,000 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित है।



### हाईटेक फैसिलिटी बनेगी 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस'

यह इकाई रोटरी–विंग प्लेटफार्म के कस्टमाइजेशन, इंटीग्रेशन और फ्लाइट टेस्टिंग के लिए एक 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में काम करेगी। इसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर की तकनीक का समावेश किया जाएगा।

### नागपुर को मिलेगा रणनीतिक लाभ

कारखाना नागपुर हवाई अड्डे के पास स्थापित किया जाएगा, जिससे उसे लॉजिस्टिक और मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर का फायदा मिलेगा। यह कदम नागपुर को रक्षा और एयरोस्पेस मैन्युफैक्चरिंग का प्रमुख केंद्र बना सकता है।

### सरकार देगी हर संभव सहयोग

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, "मैक्स एयरोस्पेस का नागपुर को हेलीकॉप्टर उत्पादन के लिए चुनना गौरव की बात है। राज्य सरकार इस प्रकल्प को सफल बनाने के लिए हर जरूरी सहयोग प्रदान करेगी।"

### 2026 से शुरू होगा उत्पादन कार्य

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में हुए इस समझौते के तहत हेलीकॉप्टर निर्माण इकाई का कार्य 2026 से शुरू किया जाएगा। यह महाराष्ट्र में पहला ऐसा प्रकल्प होगा जहां हेलीकॉप्टरों का कस्टमाइजेशन और पूर्ण उत्पादन एक ही स्थान पर किया जाएगा।

### 2,000 लोगों को मिलेगा रोजगार

मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि इस परियोजना से लगभग 2,000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियों का सृजन होगा। साथ ही, यह 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' मिशनों को मजबूती देगा।

# अब राज्य स्तर पर मनाए जाएंगे गुरुओं के शताब्दी समारोह

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने सिख गुरुओं की ऐतिहासिक शताब्दियों को सरकारी स्तर पर मनाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई बैठक में तय किया गया कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहादत जयंती और श्री गुरु गोबिंद सिंह साहिब जी के 350वें गुरुता गद्दी गुरुपर्व को राजकीय आयोजन के रूप में मनाया जाएगा। इसकी जानकारी संत ज्ञानी हरनाम सिंह खालसा ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने उनकी मांग को स्वीकार कर लिया है और इन आयोजनों के लिए तारीखें भी तय कर दी गई हैं।



### मुख्यमंत्री ने दिए आयोजन की तैयारियों के निर्देश

मुख्यमंत्री फडणवीस ने सभी संबंधित विभागों और अधिकारियों को निर्देश दिया है कि इन आयोजनों की तैयारी में कोई कोताही न हो। उन्होंने आश्वस्त किया कि गुरु तेग बहादुर साहिब जी और गुरु गोबिंद सिंह जी का बलिदान और इतिहास आने वाली पीढ़ियों तक प्रेरणा स्वरूप पहुँचाया जाएगा।

### नांदेड़, नागपुर और नवी मुंबई में होंगे राज्य स्तरीय आयोजन

नांदेड़ साहब में 15–16 नवंबर, नागपुर में छह दिसंबर और नवी मुंबई में 21–22 दिसंबर 2025 को यह ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। संत हरनाम सिंह खालसा ने कहा कि यह पहल गुरुओं के बलिदान को सम्मान देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इसे न केवल सिख समाज के लिए बल्कि संपूर्ण भारत के लिए धार्मिक सहिष्णुता और राष्ट्रीय चेतना से जुड़ा एक महान अवसर बताया।

**मध्य रेल**
सोलापुर मंडल
**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा सूचना क्र. 11-2025-SrDENCo.** मध्य रेल कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) सोलापुर, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी ओर दिनांक को बजे तक निम्नलिखित कार्यों के लिये ई निविदा आमंत्रित करते है। **कार्य का नाम :** Solapur division - supply and installation of GFL - 78 nos. **अनुमानित लागत:** ₹ 12,15,69,552/-. **बयाना रक्कम:** ₹ 7,57,900/-. **समापन की अवधी:** 60 (Sixty) Months. **अनुरक्षण की अवधी:** Nil. **ई निविदा फार्म की किमत :** Nil. **वेबसाइट ई निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तारिख और समय: 02.07.2025** up to **15:00 hrs. वेबसाइट ई निविदा खोलने की तारिख और समय: 02.07.2025** after **15:30 hrs. वेबसाइट विवरण www.ireps.gov.in Note:** संभावित निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे इस निविदा वेबसाइट के लिए जारी किए गए किसी भी बदलाव/शुद्धिपत्र को नोट करने के लिए निविदा बंद होने की तारीख से पहले वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर बार-बार जाएं।

मंडल रेल प्रबंधक/ (कार्य)
म.रे. सोलापुर
Akar/Sur-51

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे

अहमदाबाद विमान हादसा

# संजय राऊत का केंद्र सरकार पर हमला

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के वरिष्ठ नेता, सांसद और प्रवक्ता संजय राऊत ने गुजरात के अहमदाबाद में हाल ही में हुए भीषण विमान हादसे को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जब देश में पर्यटकों और यात्रियों की सुरक्षा ही नहीं है, तो फिर इन हादसों की जिम्मेदारी कौन लेगा?

संजय राऊत ने याद दिलाया कि जब यूपीए सरकार के दौरान हादसे होते थे, तो बीजेपी प्रधानमंत्री और मंत्रियों से इस्तीफे की मांग करती थी। लेकिन अब न कोई जवाबदेही है और न ही कोई संवेदना। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या अब देश में जवाबदेही की परंपरा खत्म हो चुकी है?



### ड्रीमलाइनर पर भी उठाए सवाल

राऊत ने कहा कि जिस ड्रीमलाइनर विमान को यूपीए सरकार के दौरान खरीदा गया था, उसका उस समय बीजेपी ने विरोध किया था। अब वही विमान हादसे का शिकार हुआ है, तो विरोध करने वालों को जवाब देना चाहिए। उन्होंने पूर्व नागरिक उड्डयन मंत्री प्रफुल्ल पटेल से भी सवाल पूछने की बात कही।

सांसद राऊत ने कहा कि अहमदाबाद में हुए हादसे में करीब 292 लोगों की जान चली गई, जिनमें कई मेडिकल के छात्र भी शामिल थे। इसके बावजूद सरकार के चेहरे पर न कोई दुख है, न वेदना और न ही कोई पश्चाताप। उन्होंने कहा कि यह हादसा सिर्फ भारत नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को झकझोर देने वाला था।

### सुरक्षा व्यवस्था पर भी उठाया सवाल

राऊत ने कहा कि अब देश में न पर्यटक सुरक्षित हैं, न यात्री। रेलवे में लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं, पहलगाम में आतंकी हमले होते हैं और अब विमान भी सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने पूछा कि ऐसी स्थिति में देश का आम नागरिक किस पर भरोसा करे?

### विमान के इंजन फेल होने पर जताई चिंता

उन्होंने कहा कि जिस विमान को देश का सबसे बड़ा और सुरक्षित माना जाता था, उसके दोनों इंजन एक साथ कैसे फेल हो सकते हैं? क्या कंपनी को इसकी तकनीकी वजहों की जानकारी नहीं थी? उन्होंने उम्मीद जताई कि ब्लैक बॉक्स मिलने के बाद सच्चाई सामने आ सकती है।

**मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल**
(महाराष्ट्र आवास एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण की एक क्षेत्रीय इकाई)
म्हाडा MHADA
टेलीफोन नं.022-66405432, ई-मेल-eewest.msib@mhada.gov.in
संदर्भ संख्या. ईई/पश्चिम/एमएसआईबी/ई-टेंडर/78/2025-26

**ई-टेंडर नोटिस संख्या 78**

कार्यकारी अभियंता (पश्चिम) प्रभाग, मुंबई स्लम सुधार बोर्ड, (म्हाडा की इकाई) कमरा संख्या 537, चौथी मंजिल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400 051 फोन नंबर (022) 66405432 म्हाडा और लोक निर्माण विभाग, मुंबई में पंजीकृत बेरोजगार अभियंताओं से बी1 (प्रतिशत दर) के रूप में 6 कार्यों के लिए ई-टेंडर आमंत्रित कर रहा है, ऑनलाइन ई-टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से। निविदा दस्तावेज उपलब्ध होंगे और महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल https://mahatenders.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं, बोली दस्तावेज वेबसाइट पर लोड किए जा सकते हैं। निविदा अनुसूची इस प्रकार है।

| क्र. | चरण विवरण | समय अवधि की तिथि | क्र. | चरण विवरण | समय अवधि की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दस्तावेजों की बिक्री शुरू | 16/06/2025 सुबह 10.30 बजे | 2. | दस्तावेज बिक्री समाप्त | 23/06/2025 दोपहर 3.00 बजे से |
| 3. | तकनीकी बोली खोलना | 25/06/2024 दोपहर 3.05 बजे से | 4. | मूल्य बोली खोलना | 26/06/2025 सुबह 10.30 बजे से |

सक्षम प्राधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। सशर्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
**नोट.1** कृपया वेबसाइट पर विस्तृत निविदा सूचना देखें।
**नोट.2** शुद्धिपत्र/संशोधन यदि कोई हो तो केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जा सकता है।

Follow us: @mhadaofficial
सीपीआरओ/ए/485

हस्ता/-
कार्यकारी इंजीनियर (डब्ल्यू),
एमएसआईबी बोर्ड, मुंबई

म्हाडा-राष्ट्र में अग्रणी आवास प्राधिकरण

## संपादकीय

# हृदय विदारक हादसा

गुजरात स्थित अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास एयर इंडिया के विमान की भयावह दुर्घटना ने पूरे देश को दुख और गम में डुबो दिया। हाल के वर्षों में हुई यह बड़ी दुखद दुर्घटना हवाई यात्रा से जुड़े जोखिमों पर नये सिरे से गंभीर मंथन की जरूरत को बताती है। निश्चित रूप से यह हादसा नागरिक उड्डयन के लिये भी एक बड़ा झटका है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में शामिल है। आज भारत दुनिया के अग्रणी विमानन बाजारों में शुमार है। विडंबना यह है कि अभी दो महीने पहले ही नई दिल्ली में विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो यानी एएआईबी में अत्याधुनिक डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया था। करीब नौ करोड़ रुपये की लागत से बनी इस प्रयोगशाला को केंद्र सरकार ने विमानन सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया था। जिसका मकसद हवाई दुर्घटनाओं की पहचान करना और जवाबदेही सुनिश्चित करना था। ताकि सुरक्षा उपायों को लेकर जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिये तंत्र में सुधार किया जा सके। अब विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो को गुरुवार को बोइंग 787 ड्रीमलाइनर के दुर्घटनाग्रस्त होने की जांच का काम सौंपा गया है। एएआईबी के पास अब यह पता लगाने की जिम्मेदारी होगी कि गुरुवार को हुई दुर्घटना के असल कारण क्या थे। बल्कि निकट भविष्य में हवाई यात्राओं को सुरक्षित बनाने के लिए भी सुझाव दिए जा सकेंगे। इसके अंतर्गत ब्यूरो बोइंग के सुरक्षा रिकॉर्ड और परिचालन निरीक्षण की भी गहराई से जांच करेगा। निश्चित रूप से परिचालन प्रक्रिया कड़ी जांच के दायरे में होगी। उल्लेखनीय है कि तकनीकी खामियों के चलते बोइंग के कई अन्य 787 ड्रीमलाइनरों की सुरक्षा प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाये जाते रहे हैं। हाल के वर्षों में कई व्हिसल ब्लोअर्स ने 787 ड्रीमलाइनर के सुरक्षा उपायों को लेकर गंभीर चिंताए जताई थीं। जिसके बाद यूएस फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन यानी एफएए ने ड्रीमलाइनर विमान के उत्पादन और असेंबली प्रक्रियाओं की गहन जांच की थी। उल्लेखनीय है कि बोइंग की सुविधाओं के एफएए द्वारा ऑडिट करने पर निर्माण की प्रक्रिया में अनियमितताओं और कंपनी की सुरक्षा संस्कृति में खामियों का पता चला था। बल्कि व्हिसल ब्लोअर्स ने तो यहां तक भी आरोप लगाए थे कि बोइंग की कार्यप्रणाली में खामियों को उजागर करने के लिए उन्हें बदले की कार्रवाई का सामना भी करना पड़ा था। उल्लेखनीय है कि रिपब्लिक एयरवेज के सीईओ ब्रायन बेडफोर्ड, जिन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा एफएए का प्रमुख नियुक्त किया गया है, ने बुधवार को कहा था कि वर्ष 2018 और 2019 में दो बोइंग 737 मैक्स दुर्घटनाओं से जुड़ी एक प्रमुख सुरक्षा प्रणाली की विफलता के बारे में कुछ वास्तविक व गंभीर सबक सीखे गए हैं, जिसमें 346 लोगों की मृत्यु हो गई थी। निश्चित रूप से अहमदाबाद विमान हादसे के बाद भारतीय अधिकारियों को अपने अमेरिकी समकक्षों के साथ गंभीर विमर्श करना चाहिए। उससे मिले इनपुट गुजरात दुर्घटना की गहन जांच करने में सहायक साबित हो सकते हैं। बहरहाल, अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट एआई 171 के हादसे ने सैकड़ों परिवारों को गहरे जख्म दे दिए हैं। हादसे में दो सौ से अधिक लोगों के मरने की पुष्टि हो चुकी है, वहीं एक व्यक्ति के जीवित बचने को कुदरत का करिश्मा माना जा रहा है। दूसरी ओर रिहाइशी इलाके में विमान के गिरने से हुई क्षति भी दुखद है। पुलिस द्वारा चालीस लोगों के अस्पताल में उपचाराधीन होने की बात भी कही जा रही है। कहना कठिन है कि यह कैसी स्थिति है कि एक मेडिकल कालेज के पास हुई इस दुर्घटना में घायलों को तुरंत उपचार देना संभव हो पाया है। उल्लेखनीय है कि विमान मेडिकल कालेज के छात्रों के मैस पर गिरा।

# विमान हादसे के बाद सुरक्षा प्रणाली पर उठते सवाल



नरेंद्र शर्मा परवाना

हवाई यात्रा, आधुनिक युग की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक, ने दूरी को कम कर दुनिया को एक वैश्विक गांव में बदल दिया है। लेकिन जब यही तकनीक जीवन का अंत बन जाए, तो यह न केवल एक त्रासदी होती है, बल्कि हमारी प्रणालियों की कमियों को भी उजागर करती है। हाल ही में गुजरात में हुआ चार्टर्ड विमान हादसा इस बात का दुखद उदाहरण है। इस हादसे ने न केवल कई परिवारों को अपूरणीय क्षति पहुंचाई, बल्कि विमानन सुरक्षा और प्रणालियों पर गंभीर सवाल भी खड़े किए हैं। इस हृदय विदारक दुर्घटना के बाद इसके कारणों, प्रभावों और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा करना भी आवश्यक है ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

**हादसा और इसके संभावित कारण**

प्राथमिक जांच के अनुसार, यह हादसा उड़ान के दौरान इंजन फेल होने या नेविगेशन सिस्टम की विफलता के कारण हुआ। हालांकि मृत्यु संख्या की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है। इस हादसे ने एक बार फिर विमानन सुरक्षा पर सवाल उठाए हैं। विश्व स्तर पर देखें तो विमानन इतिहास में 33,000 से अधिक हवाई दुर्घटनाएं दर्ज की गई हैं, जिनमें 1.2 लाख से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। भारत में 1945 के बाद से 300 से अधिक बड़े और छोटे हवाई हादसे हुए हैं, जिनमें लगभग 2,000 लोगों की मृत्यु हुई है। गुजरात में ही अहमदाबाद के पास 1988 में इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट IC-113 के दुर्घटनाग्रस्त होने से 113 लोगों की मौत हुई थी, जो तकनीकी खराबी और कम दृश्यता के कारण हुआ था।

**हादसों के प्रमुख कारण** 1. तकनीकी खराबीः इंजन फेल होना, सेंसर या हाइड्रोलिक सिस्टम की खराबी, या नेविगेशन उपकरणों का काम न करना। उदाहरण के लिए, इंटरनेशनल सिविल एविएशन ऑर्गनाइजेशन (ICAO) के अनुसार, 20 प्रतिशत टेकऑफ दुर्घटनाएं तकनीकी खराबी के कारण होती हैं।

2. मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियां खराब मौसम, जैसे घना कोहरा या तेज हवाएं, विमान की स्थिरता को प्रभावित कर सकती हैं।

3. पायलट की गलती ICAO के आंकड़ों के अनुसार, 65 प्रतिशत टेकऑफ दुर्घटनाएं मानवीय भूल के कारण होती हैं, जैसे गलत गति आकलन या रनवे की गलत स्थिति।

4.रखरखाव में लापरवाही समय पर सर्विसिंग न होना या पुराने उपकरणों का उपयोग।

5.एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ATC) की त्रुटियांगलत दिशानिर्देश या संचार में देरी।

**हादसे के सामाजिक और मानविक प्रभाव**

हर हवाई दुर्घटना केवल आंकड़ों की कहानी नहीं होती, बल्कि यह उन परिवारों की जिंदगियों को हमेशा के लिए बदल देती है जो अपने प्रियजनों को खो देते हैं। वलसाड हादसे में मृतकों की सटीक संख्या की पुष्टि भले ही न हुई हो, लेकिन यह निश्चित है कि इसने कई परिवारों को गहरे दुख में डुबो दिया है। एक मां का अपने बच्चे को खोना, एक बच्चे का अपने माता-पिता को खोना— ये ऐसी त्रासदियां हैं जिनका दर्द शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। ऐसे हादसों के बाद सरकारी सहायता और मुआवजे की घोषणाएं होती हैं, लेकिन ये अक्सर अपर्याप्त साबित होती हैं। पीड़ित परिवारों को न केवल आर्थिक सहायता चाहिए, बल्कि मनोवैज्ञानिक समर्थन, बच्चों की शिक्षा और आश्रितों के लिए रोजगार जैसी दीर्घकालिक व्यवस्थाएं भी जरूरी हैं। इसके अलावा, हादसों के बाद स्थानीय समुदायों पर भी प्रभाव पड़ता है। हादसा रिहायशी इलाके के पास होने से, स्थानीय लोगों को भी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

क्या सरकार और कंपनियां सीख ले रही हैं? वर्तमान हादसा हमें बार-बार यह सवाल पूछने को मजबूर करता है कि क्या हम इन त्रासदियों से सबक ले रहे हैं? भारत में विमानन सुरक्षा के लिए कई उपाय किए गए हैं, लेकिन बार-बार होने वाले हादसे बताते हैं कि कहीं न कहीं कमी बनी हुई है।

**सरकार और नागरिक उड्डयन मंत्रालय की जिम्मेदारियां:**

- सुरक्षा मानकों की समीक्षाः विमानों की नियमित तकनीकी जांच और अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन सुनिश्चित करना।

-पायलट प्रशिक्षणः पायलटों के लिए नियमित रिफ्रेशर कोर्स और सिमुलेशन प्रशिक्षण, ताकि आपात स्थिति में वे सही निर्णय ले सकें।

- स्वतंत्र जांचः हर हादसे की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच, जिसके निष्कर्ष सार्वजनिक किए जाएं।

- एयर ट्रैफिक कंट्रोल में सुधारः ATC सिस्टम को और मजबूत करना, ताकि संचार में कोई त्रुटि न हो।

विमानन कंपनियों की भूमिकाः

-नियमित सर्विसिंगः विमानों की समय पर जांच और रखरखाव, खासकर इंजन और नेविगेशन सिस्टम की।

-अनुभवी पायलटः केवल अनुभवी और प्रशिक्षित पायलटों की नियुक्ति।

-आधुनिक तकनीकः उन्नत सिग्नलिंग और बैकअप सिस्टम का उपयोग, ताकि तकनीकी खराबी के जोखिम को कम किया जा सके। हालांकि ये उपाय पहले से मौजूद हैं, फिर भी हादसे रुक नहीं रहे। इसका मतलब है कि या तो इन नीतियों का कार्यान्वयन ठीक नहीं हो रहा, या फिर जिम्मेदारी तय करने में कमी है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) को हर हादसे की गहन जांच करनी चाहिए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

**सुरक्षा की गारंटी कब?**

हवाई यात्रा आज की दुनिया में अनिवार्यता बन चुकी है। यह न केवल समय बचाती है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था और सामाजिक संपर्क का आधार भी है। लेकिन जब यह जीवन के लिए खतरा बन जाए, तो हमें अपनी प्रगति पर सवाल उठाने होंगे। यह विमान हादसा महज एक दुर्घटना नहीं, बल्कि एक चेतावनी है कि सुरक्षा को कागजों तक सीमित नहीं रखा जा सकता। इसे जमीन पर लागू करना होगा।

## जीवन मंत्र

राहुल सांकृत्यायन

# शांति ही मानवता का लक्ष्य है शांति से ही हम एक बेहतर दुनिया बना सकते हैं

> जब हम अपने भीतर की अशांति को शांत करते हैं, तभी हम दूसरों के लिए भी शांति का संदेश बन सकते हैं। इसलिए यह जरूरी है कि हम खुद से शुरुआत करें अपने विचारों, अपनी भाषा और अपने व्यवहार में शांति को अपनाएँ।

शांति चाहे वह आंतरिक हो या सामाजिक वह आधार है जिस पर मानवता की प्रगति टिकी हुई है। जब कोई समाज या व्यक्ति शांति में होता है, तो उसकी सोच रचनात्मक होती है, उसका दृष्टिकोण सकारात्मक होता है, और वह दूसरों के साथ सहयोग करने के लिए तैयार होता है। बिना शांति के न तो शिक्षा फलती है, न विज्ञान, न कला, न ही मानव मूल्यों का विकास संभव है। इतिहास में जब-जब हिंसा, युद्ध, लालच और घृणा ने सिर उठाया, तब-तब सभ्यताओं का विनाश हुआ, संस्कृतियाँ मिट गईं, और लाखों निर्दोष जीवन संकट में आ गए। दूसरी ओर, जब भी समाजों ने शांति को अपनाया – चाहे वो महात्मा गांधी का अहिंसा मार्ग हो या नेल्सन मंडेला का क्षमा और पुनर्निर्माण का संदेश – वहाँ विकास, भाईचारा और मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त हुआ। शांति किसी एक धर्म, जाति या विचारधारा का विषय नहीं, बल्कि संपूर्ण



मानवता का साझा मूल्य है। एक शांत समाज वह होता है जहाँ विचारों की विविधता को स्वीकार किया जाता है, जहाँ संवाद होता है, टकराव नहीं। जब हम अपने भीतर की अशांति को शांत करते हैं, तभी हम दूसरों के लिए भी शांति का संदेश बन सकते हैं। इसलिए यह जरूरी है कि हम खुद से शुरुआत करें — अपने विचारों, अपनी भाषा और अपने व्यवहार में शांति को अपनाएँ। क्योंकि हर छोटी सी कोशिश, हर छोटा सा संवाद भी इस दिशा में एक बड़ा कदम हो सकता है। अंततः, अगर हम एक बेहतर दुनिया की कल्पना करते हैं — जहाँ बच्चे सुरक्षित हों, बुजुर्ग सम्मानित हों, और हर व्यक्ति को गरिमा से जीने का अधिकार मिले — तो उसकी नींव शांति से ही रखी जा सकती है। तकनीक, शक्ति या संसाधन उस दुनिया को नहीं बना सकते, जो प्यार, सहयोग और समझ पर आधारित हो। ऐसी दुनिया तभी संभव है, जब हम यह समझें कि शांति कोई विकल्प नहीं, बल्कि हमारी सबसे बड़ी ज़रूरत है।

## शख्सियत — भारत भूषण

# भारतीय अभिनेता,पटकथा लेखक और निर्माता



भारतभूषण गुप्ता , जिन्हें भारत भूषण के नाम से जाना जाता है (14 जून 1920 - 27 जनवरी 1992) हिंदी भाषा की फिल्मों में एक भारतीय अभिनेता,पटकथा लेखक और निर्माता थे। उनका जन्म मेरठ में हुआ था ,और उनका लालन-पालन अलीगढ़ , उत्तर प्रदेश में हुआ। भारत भूषण का जन्म भारत रायबहादुर मोतीलाल गुप्ता के रूप में 14 जून 1920 को मेरठ , उत्तर प्रदेश , भारत में एक वैश्य ( बनिया ) परिवार में हुआ था।

उनके पिता रायबहादुर मोतीलाल मेरठ के सरकारी वकील और इलाहाबाद में सुप्रीम कोर्ट के जज थे। उनका एक बड़ा भाई था। जब वे दो साल के थे, तब उनकी माँ का देहांत हो गया था। माँ की मृत्यु के बाद दोनों भाई अपने दादा के पास अलीगढ़ चले गए। उन्होंने अपनी पढ़ाई की और अलीगढ़ के धर्म समाज कॉलेज से स्नातक की डिग्री हासिल की। उनके बड़े भाई फ़िल्म निर्माता और उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रमेशचंद्र गुप्ता थे, जो लखनऊ में आइडियल स्टूडियो के मालिक थे । पढ़ाई के बाद, उन्होंने अपने पिता की इच्छा के विरुद्ध अभिनय करना शुरू कर दिया। वे पहले सिनेमा में शामिल होने के लिए कोलकाता गए और बाद में बॉम्बे में खुद को स्थापित किया ।

उन्होंने मेरठ के एक प्रतिष्ठित परिवार में जमींदार रायबहादुर बुद्ध प्रकाश की बेटी सरला से विवाह किया। उनकी दो बेटियां थीं, अनुराधा (जिसे पोलियो से संबंधित जटिलताएं थीं) और अपराजिता। भूषण की पत्नी सरला 1960 के दशक की शुरुआत में फिल्म बरसात की रात की रिलीज के तुरंत बाद अपने दूसरे बच्चे को जन्म देने के बाद प्रसव संबंधी जटिलताओं से मर गईं। 1967 में उन्होंने बरसात की रात में उनकी सह-कलाकार, अभिनेत्री रत्ना से विवाह किया। रत्ना एक प्रमुख अभिनेत्री थीं, जिन्होंने कई फिल्मों में नायिका की बहन या दोस्त की भूमिका निभाई थी। उनके उल्लेखनीय टीवी प्रदर्शनों में से एक धारावाहिक तृष्णा था जिसमें उन्होंने चार युवा लड़कियों की मां की भूमिका निभाई थी। यह प्राइड एंड प्रेजुडिस का रूपांतरण था। भारत भूषण के फ़िल्मी करियर में निर्माता-निर्देशक सोहराब मोदी की फ़िल्म मिर्जा गालिब का अहम स्थान है। उन्होंने फ़िल्म निर्माण के क्षेत्र में भी कदम रखा, लेकिन उनकी कोई भी फ़िल्म बॉक्स आफिस पर सफल नहीं रही। उन्होंने 1964 में अपनी महत्वाकांक्षी फ़िल्म दूज का चांद का निर्माण किया, लेकिन इस फ़िल्म के भी बॉक्स आफिस पर बुरी तरह पिट जाने के बाद उन्होंने फ़िल्म निर्माण से तौबा कर ली। वर्ष 1967 में प्रदर्शित फ़िल्म तकदीर नायक के रूप में भारत भूषण की अंतिम फ़िल्म थी। इसके बाद वह माहौल और फ़िल्मों के विषय की दिशा बदल जाने पर चरित्र अभिनेता के रूप में काम करने लगे, लेकिन नौबत यहां तक आ गई कि जो निर्माता-निर्देशक पहले उनको लेकर फ़िल्म बनाने के लिए लालायित रहते थे। उन्होंने भी उनसे मुंह मोड़ लिया। इस स्थिति में उन्होंने अपना गुजारा चलाने के लिए फ़िल्मों में छोटी-छोटी मामूली भूमिकाएं करनी शुरू कर दीं। बाद में हालात ऐसे हो गए कि भारत भूषण को फ़िल्मों में काम मिलना लगभग बंद हो गया। तब मजबूरी में उन्होंने छोटे परदे की तरफ रुख किया और दिशा तथा बेचारे गुप्ताजी जैसे धारावाहिकों में अभिनय किया। हालात की मार और वक्त के सितम से बुरी तरह टूट चुके हिंदी फ़िल्मों के स्वर्णिम युग के इस अभिनेता ने आखिरकार 27 जनवरी 1992 को 72 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया।


## जीवन ऊर्जा

सज्जाद हुसैन : जन्म 14 जून, 1917 — जन्म

> सज्जाद हुसैन (14 जून 1917 - 21 जुलाई 1995) एक भारतीय फिल्म स्कोर संगीतकार थे। वह एक कुशल मैंडोलिन वादक भी थे , जिन्होंने पाँच दशकों से अधिक समय तक मुंबई में भारतीय फिल्म उद्योग के लिए एक टॉप ग्रेड खिलाड़ी के रूप में मैंडोलिन बजाया, उन्होंने शीर्षक-गीत और पृष्ठभूमि संगीत सहित 22,000 से अधिक गाने बजाए।

# भीड़ के साथ चलना आसान है, लेकिन अकेले चलकर इतिहास बनाना कठिन

दुनिया में ज्यादातर लोग वही करते हैं जो सब कर रहे हैं — वही पढ़ाई, वही नौकरी, वही सोच। भीड़ में चलने से आपको तात्कालिक सुरक्षा का भ्रम तो जरूर मिलता है, लेकिन आप कभी खुद की पहचान नहीं बना पाते। आप किसी और की बनाई पगडंडियों पर चल रहे होते हैं, जहां मंज़िल आपकी नहीं होती। ऐसा रास्ता सुविधाजनक तो होता है, पर उसमें अपनी आत्मा की आवाज़ दब जाती है। इसके विपरीत, जब आप अकेले अपने रास्ते पर निकलते हैं, तो हर मोड़ पर असमर्थन, आलोचना और असुरक्षा के बादल मंडराते हैं। न कोई साथ होता है, न कोई तालियाँ बजाने वाला। आपके फैसलों पर सवाल



उठाए जाते हैं। लोग हँसते हैं, ताने मारते हैं, और कई बार तो अपने भी पीठ दिखा जाते हैं। लेकिन जो व्यक्ति इन सबके बावजूद अपनी राह नहीं छोड़ता, वही इतिहास बनाता है। क्योंकि उसका हर कदम संघर्ष से उपजा होता है, और संघर्ष से ही सफलता की नींव रखी जाती है। इतिहास गवाह है चाहे वो महात्मा गांधी हों, जिन्होंने सत्य और अहिंसा के रास्ते पर अकेले चलना शुरू किया; या फिर सज्जाद हुसैन जैसे संगीतकार, जिन्होंने लोकप्रियता की भीड़ के बजाय अपने सिद्धांतों और सुरों की शुद्धता को चुना। ऐसे लोग पहले हंसी का पात्र बनते हैं, लेकिन समय के साथ वे मिसाल बन जाते हैं। अकेले चलने की हिम्मत रखने वाले ही वो लोग होते हैं जो दुनिया की दिशा बदलते हैं। इसलिए जब जीवन ऐसे मोड़ पर आए, जहाँ आपको दो रास्तों में से चुनना हो एक वो जो आसान है और सब चल रहे हैं, दूसरा वो जो अनिश्चित है पर खुद की पहचान से जुड़ा है — तो हिम्मत करके दूसरा रास्ता चुनिए।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# दान हमेशा सतपात्र को ही देना चाहिए


दान का दुरुपयोग करने से उसको भी हानि होगी और आपको भी हानि होगी। एक समय की बात है। एक बार एक गरीब आदमी एक सेठ के पास जाता है और भोजन के लिए सहायता मांगता है। सेठ बहुत धर्मात्मा होता है। वह उसे पैसे देता है। पैसे लेकर व्यक्ति भोजन करता है और उसके पास कुछ पैसे बचते हैं, जिससे वह शराब पी लेता है। शराब पीकर घर जाता है और अपनी पत्नी



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**

वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक। मो. नं. 9425980556

को मारता है। पत्नी दुखी होकर अपने दो बच्चों के साथ तालाब में कूद कर आत्महत्या कर लेती है। कुछ समय बाद उस सेठ की भी असाध्य रोग से मृत्यु हो जाती है। मरने के बाद सेठ जब ऊपर जाता है, तब यमराज बोलते हैं कि इसको नरक में फेंक दो। सेठ यह सुनकर यमराज से कहता है कि, आपसे गलती हुई है। मैंने तो कभी कोई पाप भी नहीं किया है। बल्कि जब भी कोई मेरे पास आया है, मैंने उसकी हमेशा मदद ही की है। इसलिए मुझे एक बार भगवान से मिला दो। तब यमराज उसे बोलते हैं कि,हमारे यहाँ तो गलती की कोई संभावना नहीं है, गलतियाँ तो तुम लोग ही करते हो।पर सेठ के बहुत कहने पर यमराज उसे भगवान के समक्ष पेश करते हैं। भगवान के सामने जाकर सेठ बोलता है, ‍‍हे प्रभु! मैंने तो कोई पाप किया ही नहीं है, तो मुझे नरक क्यों दिया जा रहा है? तब भगवान उसे उस गरीब व्यक्ति को पैसे देने वाली बात बताते हैं कि, उस व्यक्ति की पत्नी और दो बच्चों की जीव हत्या का कारण तू है। तू उसे पैसे न देता, तो वह शराब पीकर अपनी



पत्नी को दुःख नहीं देता। सेठ बोलता है, प्रभु! मैंने तो एक गरीब को दान दिया है और शास्त्रों में भी दान देने की बात लिखी है।तब भगवान ने कहा कि, दान देने से पहले पात्र की योग्यता तो परखनी चाहिए कि वह दान लेने के योग्य है या नहीं, या उसे किस प्रकार के दान की जरूरत है। तुमने धन देकर उसकी मदद क्यों की? तुम उसको भोजन भी करा सकते थे। और रही बात उसकी दरिद्रता की, तो उसे देना होता तो मैं ही दे देता। वह जिस योग्य था, उतना मैंने उसे दिया। जब मैंने ही उसकी अयोग्यता के कारण उससे सब कुछ नहीं दिया, तो तुम्हें उसे क्या जरूरत थी धन देने की? तुम उसे भोजन भी करवा सकते थे। और तुम्हारे दिए हुए धनदान के कारण तीन जीव हत्याएं हुई हैं, और इन हत्याओं के पाप का फल अब तुम्हें भुगतना पड़ेगा। सो, कहने का तात्पर्य यह है कि दान देना बुरी बात नहीं, लेकिन देने से पहले यह परख लें कि आप जो दान कर रहे हैं, उसका उपयोग किसी पाप कर्म में तो नहीं हो रहा है। आप देखें कि आपका दान किसी का भला कर सार्थक हो भी रहा है या नहीं। भले ही दान हेतु आपके भाव श्रेष्ठ हों, लेकिन अगर आपके द्वारा दिए दान से कोई पाप कर्म फलित होता है, तो आपको उस दिए दान के पुण्य के साथ-साथ उसके पाप के फल को भी भोगना होगा।

## अपने विचार



न्यायिक सक्रियता बनी रहेगी, लेकिन न्यायिक सक्रियता को न्यायिक आतंकवाद में नहीं बदलना चाहिए इसलिए, कई बार आप सीमाओं को लांघने की कोशिश करते हैं और ऐसे क्षेत्र में प्रवेश करने की कोशिश करते हैं, जहां आमतौर पर न्यायपालिका को प्रवेश नहीं करना चाहिए।

**-बी आर गवई,** चीफ जस्टिस,भारत



चीन का उदय, भारत का उदय। अब, हर कोई अपने और दुनिया के बीच एक निश्चित नया संतुलन बना रहा है। और फिर दो उभरती शक्तियों के बीच बहुत अधिक जटिल संतुलन, जो पड़ोसी भी हैं और कभी-कभी उनके आम पड़ोसी भी होते हैं। इसलिए, यह एक अविश्वसनीय रूप से जटिल मैट्रिक्स है और इसके विभिन्न आयाम हैं।

**-एस.जयशंकर,** विदेश मंत्री, भारत सरकार



ईरान पर इजरायल का हमला एक और बेशर्मी भरा कदम है, जो यह दिखाता है कि वह एक ऐसा राष्ट्र बन चुका है जो अब पूरी तरह से बेलगाम हो गया है। वैश्विक समुदाय, विशेषकर अमेरिका के नेतृत्व वाले पश्चिमी देशों की चुप्पी न केवल चिंताजनक है, बल्कि बहुत कुछ बयान करती है। यह चुप्पी एक तरह से मौन स्वीकृति है।

**-महबूबा मुफ्ती,** पूर्व सीएम, जम्मू - कश्मीर



कांग्रेस ने कभी पिछड़ों-दलितों का सम्मान नहीं किया और हमेशा आरक्षण का विरोध किया। एनडी सरकार समाज के इन वर्गों के लिए काम कर रही है। दादी ने लोकतंत्र और संविधान की हत्या की और पोता हाथ में संविधान लेकर घूम रहा है।

**-सम्राट चौधरी,** उप मुख्यमंत्री, बिहार

**अपने विचार**

डीबीडी कार्यालय

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001

indiagroundreport@gmail.com

भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज़िम्मेदार)।

## ब्रीफ न्यूज़

### रविवार को सांताक्रुज और गोरेगांव स्टेशनों के बीच जंबो ब्लॉक




मुंबई। रेलपथ, सिगनलिंग प्रणाली तथा ऊपरी उपस्करों के रखरखाव कार्य हेतु रविवार, 15 जून, 2025 को सांताक्रुज और गोरेगांव स्टेशनों के बीच तक अप एवं डाउन स्लो लाइनों पर 10:00 बजे से 15:00 बजे तक पांच घंटे का जंबो ब्लॉक लिया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ब्लॉक अवधि के दौरान सांताक्रुज और गोरेगांव स्टेशनों के बीच स्लो लाइन की सभी ट्रेनों को फ़ास्ट लाइनों पर चलाया जाएगा। परिणामस्वरूप, ये ट्रेनें प्लेटफ़ॉर्म की अपर्याप्त लंबाई के कारण विले पार्ले स्टेशन पर नहीं रुकेंगी और फ़ास्ट लाइनों पर प्लेटफ़ॉर्म की अनुपलब्धता के कारण राम मंदिर स्टेशन पर भी नहीं रुकेंगी। हालाँकि, हार्बर लाइन पर विले पार्ले और राम मंदिर के लिए सेवाएँ उपलब्ध रहेंगी। इस ब्लॉक के कारण कुछ उपनगरीय ट्रेनें निरस्त रहेंगी तथा बोरीवली और अंधेरी की कुछ ट्रेनें हार्बर लाइन पर गोरेगांव तक चलेंगी।

### ठाणे जिला परिषद के सीईओ ने किया भिवंडी के विकास कार्यों का निरीक्षण

मुंबई/भिवंडीः ठाणे जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे ने 12 जून 2025 को भिवंडी तहसील के विभिन्न गांवों का दौरा कर वहां चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा की और जमीनी हालात का जायजा लिया। उन्होंने तहसील कार्यालय के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया और समस्याओं को देखते हुए वैकल्पिक स्थल भी देखा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग और ग्राम पंचायत को तुरंत नया स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) चरण-2 के तहत गोवे और ओवली ग्राम पंचायतों में शून्य पंजीकरण पर चिंता जताई और ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यह पात्र लाभार्थियों को शामिल करने का अंतिम अवसर है और किसी भी योग्य व्यक्ति को योजना से वंचित नहीं रखा जाए। सीईओ ने बोनी, कटाई और खांबे गांवों का दौरा कर लंबित पानी के बिलों के संदर्भ में बैठक भी की। फ्लो मीटर और पानी के मीटरों का निरीक्षण किया गया और निर्देश दिया गया कि सरपंच, उपसरपंच और ग्रामीणों के सहयोग से बकाया राशि की वसूली शीघ्र की जाए।

# महावितरण ने मांगा मुंबई में बिजली वितरण का लाइसेंस

### आयोग के समक्ष दायर की याचिका

**दीपक पवार | मुंबई**

महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी (महावितरण) ने महाराष्ट्र विद्युत विनियामक आयोग (MERC) के समक्ष एक याचिका दायर कर मांग की है कि उसे मुंबई के सभी क्षेत्रों में बिजली वितरण का लाइसेंस दिया जाए। इस याचिका में महावितरण ने मांग की है कि उसे कोलाबा से माहिम, बांद्रा से दहिसर (पश्चिमी उपनगर), विक्रोली से चूनाभट्टी और मानखुर्द (पूर्वी उपनगर) सहित मीरा-भायंदर, चेना, काजूपाड़ा तक बिजली सप्लाई का अधिकार दिया जाए।

#### वर्तमान में कौन करता है बिजली आपूर्ति?



मुंबई में इस समय BEST, अदानी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड और टाटा पावर मुंबई बिजली वितरण का कार्य कर रही हैं। लेकिन महावितरण की मांग है कि उसे इन क्षेत्रों में समानांतर लाइसेंस जारी किया जाए, जिससे वह भी बिजली आपूर्ति कर सके। महावितरण पहले से ही मुलुंड और भांडुप उपनगरों में बिजली वितरित करती है और मुंबई के बाहर पूरे महाराष्ट्र में इसकी सेवा है।

#### किन नियमों के तहत मांगा गया लाइसेंस?

यह याचिका विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 14 और 15, MERC नियम 2006, और विद्युत वितरण लाइसेंसिंग नियम 2005 के तहत दायर की गई है।मुंबई में इस समय मेट्रो, कोस्टल रोड, डाटा सेंटर, और रियल एस्टेट समेत कई बुनियादी ढांचा परियोजनाएं चल रही हैं। महावितरण का कहना है कि इन सभी को भविष्य में बड़ी मात्रा में बिजली की जरूरत होगी, जिसे वह पूरी करने में सक्षम है।

#### ग्रीन एनर्जी और सस्ती बिजली का दावा

महावितरण ने कहा कि उसने ग्रीन एनर्जी और सस्ती बिजली खरीदने के लिए दीर्घकालिक समझौते किए हैं। इसी के तहत पहली बार कंपनी ने बिजली दरों में कटौती का प्रस्ताव भी आयोग के समक्ष रखा है।

**महावितरण की ताकत:** महावितरण दुनिया की सबसे बड़ी बिजली कंपनियों में से एक है। कंपनी वर्तमान में 31.7 मिलियन बिजली ग्राहकों को सेवा प्रदान करती है। कंपनी के पास 4230 बिजली सबस्टेशन, लगभग 25 हजार हाई-वोल्टेज फीडर, 9 लाख 60 हजार वितरण ट्रांसफार्मर, 11 केवी की 3.64 लाख किलोमीटर लाइनें और 33 केवी की 51,771 किलोमीटर लाइनें का विशाल बिजली वितरण नेटवर्क है। महावितरण राज्य के 457 शहरों और 41,928 गांवों को बिजली की आपूर्ति करता है। मुंबई की वर्तमान बिजली की आवश्यकता 4 हजार मेगावाट है, जबकि महावितरण वर्तमान में राज्य को प्रतिदिन 26 हजार मेगावाट बिजली की आपूर्ति कर रहा है।

# भारत में आर्किटेक्ट्स के लिए पहला करियर कॉन्क्लेव मुंबई में आयोजित

### सांसद नारायण राणे ने किया उद्घाटन

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

देश में पहली बार आर्किटेक्चर क्षेत्र से जुड़े युवाओं और पेशेवरों के लिए एक विशेष करियर कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया है। WOArchitect करियर कॉन्क्लेव (WCC) 2025 का शुभारंभ आज मुंबई के नेस्को परिसर में हुआ। इस कॉन्क्लेव का उद्घाटन सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने किया।

#### आर्किटेक्चर शिक्षा और करियर को समर्पित पहल

यह आयोजन आर्किटेक्चर के क्षेत्र में करियर निर्माण, मार्गदर्शन और अवसरों को सुलभ कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। यह भारत का पहला ऐसा मंच है, जहां आर्किटेक्चर से जुड़ी शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता पर एक साथ चर्चा हो रही है। कॉन्क्लेव में प्रमुख वक्ताओं द्वारा सेमिनार, पैनल चर्चाएं, वॉक-इन इंटरव्यू और उच्च शिक्षा प्रदर्शनी आयोजित की गई हैं।

> यह आयोजन भविष्य के लिए तैयार आर्किटेक्ट्स को प्रोत्साहित करने और वास्तुकला तथा रियल एस्टेट विकास के बीच मजबूत संबंध स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।
>
> **मिलिंद सुर्वे, सह-संस्थापक, WOArchitect**

> WOArchitect करियर कॉन्क्लेव भारत के आर्किटेक्चरल इकोसिस्टम के लिए एक निर्णायक पहल है। यह शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता को एक मंच पर लाकर दिशा तय करने वाला आयोजन बन गया है।
>
> **केवल वलमभिया, सीओओ, CREDAI-MCHI**



#### रेप्युटेड विशेषज्ञ कर रहे हैं मार्गदर्शन

इस सम्मेलन में आर्किटेक्चर क्षेत्र के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ जैसे अमोल शिम्पी, आर्मी ऋषिकेश फड़के, आर्मी रूपाली गुप्ते और आर्मी अमिता गोर ने भी शिरकत की और प्रतिभागियों को अपने अनुभवों और जानकारियों से लाभान्वित किया। यह जानकारी आर. स्नेहल जगदाले सुर्वे ने दी।

#### CREDAI-MCHI का पूर्ण समर्थन

CREDAI-MCHI, जो मुंबई मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में रियल एस्टेट का प्रमुख संगठन है, ने इस आयोजन को पूरी तरह से समर्थन दिया है। संगठन ने इसे आर्किटेक्ट्स और रियल एस्टेट के बीच सामंजस्य का एक मजबूत माध्यम बताया।

# विधायक संजय केलकर के जनसंवाद कार्यक्रम को मिल रहा भारी समर्थन

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

स्थानीय नागरिकों की मूलभूत समस्याओं जैसे घर, बिजली, पानी और भूमि अधिग्रहण से जुड़ी शिकायतों का त्वरित समाधान करने के लिए विधायक संजय केलकर के नेतृत्व में आयोजित जनसेवक जनसंवाद कार्यक्रम को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। इस कार्यक्रम के तहत लोगों की शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों में राहत और विश्वास का माहौल बना है।




#### किसान को मिला भूमि अधिग्रहण का न्याय

वसई के एक किसान ने विधायक संजय केलकर से मुलाकात कर बताया कि उसकी कृषि भूमि परियोजना के लिए अधिग्रहीत कर ली गई थी, लेकिन अभी तक मुआवजा नहीं मिला। विधायक केलकर ने तुरंत संबंधित राजस्व अधिकारी को फोन कर बात की। अधिकारी ने आश्वासन दिया कि मुआवजा देने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू कर दी जाएगी। किसान ने इस त्वरित कार्रवाई के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया।

#### मानसून से पहले नाला सफाई पर फोकस

भायंदर पाड़ा के निवासियों ने नाले की सफाई नहीं होने से बारिश में जलभराव और बीमारियों का खतरा बताया। शिकायत मिलते ही विधायक ने संबंधित नगर निगम अधिकारियों से संपर्क कर तत्काल कार्रवाई शुरू कराई। विजयनगर सहकारी सोसायटी के सैकड़ों निवासी लंबे समय से अनियमित बिजली आपूर्ति से परेशान थे। जब उन्होंने केलकर से शिकायत की, तो उन्होंने तुरंत महावितरण विभाग के अधिकारियों से बात की और समस्या का समाधान करवाया।

## एमएमआरडीए बनाम एलएंडटी मामला

# एमएमआरडीए ने सुप्रीम कोर्ट में खुलासे के बाद मांगी वित्तीय जानकारी

### निविदाएं अब भी कानूनी रूप से सीलबंद

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (MMRDA) ने सुप्रीम कोर्ट में लार्सन एंड टुब्रो (L&T) द्वारा किए गए वित्तीय खुलासों के बाद कंपनी से आधिकारिक रूप से उनके वित्तीय प्रस्तावों का विस्तृत विवरण मांगा है। यह मांग उन दो बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की निविदाएं रद्द करने के बाद आई है, जिनमें एलएंडटी ने हिस्सा लिया था — गायमुख से फाउंटन होटल जंक्शन तक भूमिगत सुरंग और फाउंटन होटल जंक्शन से भायंदर तक एलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट।

#### कोर्ट में खुलासे, पर निविदा अब भी कानूनी रूप से सीलबंद



एलएंडटी को इन दोनों प्रोजेक्ट्स की तकनीकी बोली प्रक्रिया में अयोग्य घोषित किया गया था। इसके बाद कंपनी ने बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की। कोर्ट ने MMRDA की प्रक्रिया को सही मानते हुए याचिका खारिज कर दी। एलएंडटी ने इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में अपील की, जहां उसने अपनी मर्जी से अपने वित्तीय प्रस्ताव पेश किए – 6,498 करोड़ (टनल प्रोजेक्ट) और 5,554 करोड़ (एलिवेटेड रोड)। कंपनी का दावा था कि उसकी बोली अन्य कंपनियों से सस्ती थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने MMRDA के निविदा रद्द करने के निर्णय को सही माना और एलएंडटी की याचिका को निरर्थक बताते हुए खारिज कर दिया। कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले में भी हस्तक्षेप नहीं किया।

#### अब क्यों मांगे गए वित्तीय दस्तावेज?

MMRDA ने अब एलएंडटी से औपचारिक रूप से अनुरोध किया है कि वे सुप्रीम कोर्ट में खुद से उजागर किए गए आंकड़ों का दस्तावेजी विवरण, दर विश्लेषण, तकनीकी-आर्थिक तर्क और प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें ताकि भविष्य में अधिक प्रतिस्पर्धी निविदा मूल्य तय किए जा सकें।

#### निविदाएं अब भी क्यों नहीं खोली जा सकतीं?

महा-ई-टेंडर प्रणाली के तहत, जिन बोलीदाताओं को तकनीकी रूप से अयोग्य ठहराया गया हो, उनकी वित्तीय बोली कानूनी रूप से नहीं खोली जा सकती। यही कारण है कि एलएंडटी की वित्तीय पेशकश अब भी सीलबंद ही है, और MMRDA उसे औपचारिक रूप से अलग से मांग रहा है।

## मुंबई मेट्रो रूट 9

# 65 मीटर लंबा स्टील गर्डर सफलतापूर्वक स्थापित



**मुंबई।** मुंबई की मेट्रो परियोजनाओं में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। एमएमआरडीए द्वारा विकसित किया जा रहा मेट्रो रूट 9, जो दहिसर (पूर्व) से मीरा-भायंदर को जोड़ता है, अपनी तय दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। इस मार्ग के अंतर्गत भायंदर पश्चिम के आरओबी क्षेत्र में 65 मीटर लंबा कंपोजिट स्टील गर्डर सफलतापूर्वक स्थापित कर लिया गया है। यह गर्डर एक अत्यंत चुनौतीपूर्ण और भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में लगाया गया, जो कि परियोजना के तकनीकी कौशल और संगठनात्मक समन्वय को दर्शाता है। यह कार्य रात के सीमित घंटों में विभिन्न एजेंसियों के साथ तालमेल बैठाकर किया गया।

#### 10.54 किमी लंबी एलिवेटेड परियोजना में 8 स्टेशन शामिल

भायंदर पश्चिम स्थित पश्चिमी रेलवे लाइन पर 10.54 किमी लंबी एलिवेटेड परियोजना में 8 स्टेशन शामिल हैं, जिसकी कुल प्रगति 95% हो चुकी है। इस परियोजना के तहत 65 मीटर लंबा, 9.575 मीटर चौड़ा और लगभग 700 मीट्रिक टन वजनी गर्डर लगाया गया, जिसे तीन खंडों में विभाजित किया गया है—हर खंड का वजन लगभग 235 मीट्रिक टन है और गहराई 3 मीटर से अधिक है। गर्डर की स्थापना 7, 8 और 11 जून 2025 की रात को 1.5 घंटे के निर्धारित ब्लॉक में की गई, जिसमें 600 MT और 750 MT की क्रेनों के साथ एक रिजर्व क्रेन भी तैनात की गई। इस कार्य में पश्चिम रेलवे, कोंकण रेलवे और मुंबई ट्रैफिक पुलिस का विशेष सहयोग रहा।

# उल्हासनगर मनपा के नगर नियोजन विभाग को मिला आईएसओ प्रमाण पत्र

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

उल्हासनगर महानगरपालिका के नगर नियोजन विभाग को 100 दिवसीय कार्य योजना के अंतर्गत किए गए कार्यों और सुधारों के आधार पर आईएसओ प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि नगर नियोजन में पारदर्शिता, गति और तकनीकी उन्नयन के कारण हासिल हुई है। इस कार्य में प्रमुख भूमिका निभाने वाले सहायक निदेशक ललित खोबरागड़े और उनकी टीम को गुरुवार को मनपा आयुक्त मनीषा अव्हाले द्वारा सम्मानित किया गया।

#### प्रशासनिक सुधार और तकनीकी नवाचार

नगर नियोजन विभाग में कई नवाचार किए गए। पूर्व की विकास योजना को समझने में आ रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इसके बाद सिटी सर्वे और विकास योजना की सीटों को समायोजित किया गया, जिससे नागरिकों को योजनाएं अधिक स्पष्ट रूप से समझ में आने लगीं। इसके अलावा, विभाग के बाहर डिजिटल स्क्रीन लगाई गई ताकि योजनाएं आम जनता तक पहुंच सकें।



#### ऑनलाइन सिस्टम और रिकॉर्ड प्रबंधन

निर्माण अनुमति की प्रक्रिया को त्वरित और पारदर्शी बनाने के लिए ऑनलाइन बिल्डिंग प्लान मैनेजमेंट सिस्टम शुरू किया गया। साथ ही, अनधिकृत निर्माण को नियमित करने की प्रक्रिया भी शुरू की गई। वर्षों पुरानी फाइलों को वर्गीकृत कर रिकॉर्ड रूम को अपडेट किया गया ताकि वे आईएसओ मानकों के अनुरूप हों। लोक सेवा अधिकार अधिनियम के तहत सभी प्रक्रियाएं सुव्यवस्थित की गईं। नगर नियोजन विभाग के लिए पहली बार सॉफ्टवेयर विकसित किया गया। साथ ही, वीटीसी मैदान और मनपा स्कूलों के लिए कुल 41 करोड़ की निधि मंजूर कराई गई, जिसमें खोबरागड़े की अहम भूमिका रही। खतरनाक इमारतों के पुनर्विकास के लिए एफएसआई (Floor Space Index) को 4.00 से बढ़ाकर 6.4 तक किया गया, जो एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

# राशिफल

**प्रियंका जैन**

**मेष:** पुराने संगी-साथी व रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। अच्छी खबर मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। कार्यों में गति आएगी। विवेक का प्रयोग करें। लाभ में वृद्धि होगी। मित्रों के सहयोग से किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा।

**वृष:** मेहनत सफल रहेगी। बिगड़े काम बनेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने के अवसर मिलेंगे। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**मिथुन:** लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। शोक संदेश मिल सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी के उकसाने में न आएं। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी रहेगी।

**कर्क:** मेहनत का फल पूरा नहीं मिलेगा। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन मिल सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पारिवारिक मांगलिक कार्य हो सकता है।

**सिंह:** संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। प्रॉपर्टी ब्रोकर्स के लिए सुनहरा मौका साबित हो सकता है। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि के योग हैं। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

**कन्या:** शत्रुओं का पराभव होगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कोई बड़ा कार्य करने की योजना बन सकती है। कार्यसिद्धि होगी।

**तुला:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग से हानि की आशंका है, सावधानी रखें। दूसरों के झगड़ों में हस्तक्षेप न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्षोभ होगा। फालतू की बातों पर ध्यान न दें।

**वृश्चिक:** तीर्थदर्शन हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण व लाभदायक रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल रहेगा। शेयर मार्केट में जोखिम न लें। नौकरी में चैन रहेगा।

**धनु:** आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ा कार्य कर पाएंगे। व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। भाग्य का साथ मिलेगा।

**मकर:** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लंबी यात्रा हो सकती है। लाभ होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी।

**कुंभ:** व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। विवाद से बचें। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। व्यापार ठीक चलेगा। आय होगी। विवेक का प्रयोग करें।

**मीन:** रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य हो जाने से प्रसन्नता रहेगी।


# बुध का मिथुन राशि में गोचर: 4 राशियों की किस्मत चमकेगी



6 जून 2025 की सुबह 09 बजकर 15 मिनट पर मिथुन राशि में गोचर हुआ हैं। बुध ग्रह यहां पर 22 जून तक रहने वाले हैं। बुध के इस गोचर से 4 राशियों को लाभ होगा। ये राशियां हैं वृषभ, सिंह, कन्या और मकर राशि।

**1. वृषभ राशि:-** दूसरे तथा पांचवें भाव के स्वामी बुध का गोचर आपकी कुंडली के दूसरे भाव में होगा। इस गोचर के चलते आपको शुभ परिणाम प्राप्त होंगे। आप लग्जरी लाइफ पर खर्चा करेंगे। करियर में आपका अच्छा प्रदर्शन होगा। नौकरी में पदोन्नति मिलने की संभावना है। कारोबारी हैं तो मुनाफा बढ़ जाएगा। वाणी के माध्यम से आप लोगों में लोकप्रिय होंगे। घर परिवार में समय अच्छा गुजरेगा।

**2. सिंह राशि:-** दूसरे तथा ग्यारहवें भाव के स्वामी का आपकी कुंडली के 11वें यानी लाभ भाव में गोचर लाभ ही दिलाएगा। साथ ही साथ पंचमेश बृहस्पति की संगति में होने के कारण बुध ग्रह के काफी अच्छे परिणाम मिलेंगे। प्रत्येक कार्य आप समझदारी से करेंगे। कारोबारी हैं तो व्यापार में आमदनी में वृद्धि भी होगी। सेहत भी अच्छी रहेगी। भाई बंधुओं और मित्रों से अच्छा सहयोग मिलेगा।




प्रियंका जैन
9769994439

**3. कन्या राशि:-** लग्न और कर्म भाव के स्वामी का कर्म भाव में ही यानी दशम भाव में गोचर आपके कार्यक्षेत्र में उन्नति प्रदान करेगा। विशेषकर कारोबार से जुड़े हुए व्यापारी अपने कार्यों में अच्छा लाभ प्राप्त कर सकेंगे। नौकरी के मामलों में बुध ग्रह के इस गोचर को अच्छा माना जाएगा। क्योंकि यह गोचर आपको पदोन्नति करवाने में मदद कर सकता है। घर परिवार में खुशियां रहेगी।

**4. मकर राशि:-** बुध आपकी कुंडली में छठे तथा भाग्य भाव के स्वामी हैं और अब वर्तमान में आपकी कुंडली के छठे भाव में गोचर कर रहे हैं। बुध का अपनी ही राशि में छठे भाव में होना काफी शुभ परिणाम देने वाला है। आर्थिक पक्ष मजबूत रहने वाला है। हालांकि काम की बातों का खर्चा भी खूब होगा। प्रतियोगी परीक्षा में लाभ होगा। सेहत अच्छी बनी रहेगी। मान सम्मान में इजाफा हो

## न्यूज़ ब्रीफ

### भुरकुंडा रेलवे साइडिंग पर अंधाधुंध फायरिंग

रामगढ़ः भुरकुंडा रेलवे साइडिंग पर हमले की नीयत से दिनदहाड़े दो लोगों ने फायरिंग कर दी, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। फायरिंग भदानीनगर थाने से महज 50 मीटर की दूरी पर हुई है। दिनदहाड़े हुई फायरिंग के बाद कानून व्यवस्था पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। भदानीनगर थाना पुलिस के मुताबिक, रेलवे साइडिंग संचालक भोला यादव को जान मारने की नीयत से फायरिंग हुई है। हालांकि फायरिंग की घटना में भोला यादव बाल बाल बच गए। फायरिंग की घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी, बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। इससे पहले घटना के बाद साइडिंग संचालक भोला यादव ने पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पतरातू एसडीपीओ, पतरातू इंस्पेक्टर और पतरातू अंचल के कई थानों की टीम मौके पर पहुंची और पूरे मामले को लेकर सीन रीक्रिएट किया गया। इस दौरान पुलिस ने बरामद खोखे की गिनती की।

### विदेशी हथियार के साथ TSPC एरिया कमांडर समेत पांच गिरफ्तार

हजारीबाग। बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के एरिया कमांडर समेत पांच उग्रवादियों को विदेशी हथियार (अमेरिकन राइफल) और कारतूस के साथ तरहेसा जंगल के घाटगोसाई से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार उग्रवादियों में पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के डंडार कला गांव निवासी अवधेश कुमार उर्फ प्रशांत (पिता स्व यद्दु सिंह), चतरा जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र के सोरूनावाडीह गांव के आदित्य गंझू (पिता ध्यानि गंझू), देवन गंझू (पिता गुली गंझू), हेरून गांव के धरम गंझू (पिता बासदेव गंझू) एवं हजारीबाग केरेडारी थाना क्षेत्र के मसुरिया गांव निवासी रूपलाल गंझू (पिता स्व किसुन गंझू) शामिल हैं। शुक्रवार को यह जानकारी हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन ने दी। गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से हजारीबाग पुलिस ने एक एआर 15एम4 कार्बाइन अमेरिकन राइफल, अमेरिकन राइफल की मैगजीन, अमेरिकन राइफल का चार जिंदा कारतूस, एक 7.62 एमएम का देसी पिस्टल, देसी पिस्टल की मैगजीन, तीन देसी कट्टा, देसी पिस्टल का दो जिंदा कारतूस, छह पीस आठ एमएम का जिंदा कारतूस, 303 राइफल का 14 जिंदा कारतूस, नौ मोबाइल फोन, 10 टीपीसी का पर्चा, एक पीस चितकरबा रंग का पीठू, एक पीस मैगजीन रखने का पाउच बरामद हुआ है।

### पटना में फिर मिले कोरोना के नए 6 मरीज

पटना। कोरोना वायरस का खतरा एक बार फिर तेजी से बढ़ने लगा है। गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार पटना जिले में छह लोग कोरोना पॉजिटिव पाये गए है। खास बात यह है कि आईजीआईएमएस में बीमारी का ईलाज कराने आई तीन मरीज कोरोना पॉजिटिव मिले है। तीनों मरीज में एक नाक, कान, गला (इएनटी), एक जनरल सर्जरी और एक नेत्र रोग विभाग में ईलाज कराने पहुंचे थे। भर्ती के बाद भी मरीजों के स्वास्थ्य में सुधार नहीं हो रहा था, संदेह हुआ, तो डॉक्टरों ने जांच कराई, फिर तीनों मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली। शेष तीन मरीज निजी लैब में कोरोना जांच कराये कराये थे। जांच में रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है।

# झारखंड के 150 नेताओं के हाथ में बिहार विधानसभा चुनाव की कमान

**एजेंसी । रांची**

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। चुनावी जंग जीतने के लिए झारखंड सहित देश के अन्य राज्य के नेताओं को बिहार दौरे पर भेजा जा रहा है। इस सूची में अकेले झारखंड से करीब 150 बीजेपी नेता-कार्यकर्ता शामिल हैं जिनके हाथों में चुनाव प्रबंधन होगा।

#### पार्टी नेताओं को चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी देगी

बिहार प्रवास पर जाने वाले नेताओं पर संगठनात्मक कार्य से लेकर चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी होगी। इसके लिए सभी बड़े नेता कम से कम 48 घंटों तक पार्टी द्वारा निर्धारित जिला एवं विधानसभा क्षेत्र में प्रवास करेंगे। इन प्रवासी भाजपा नेताओं को बूथ मैनेजमेंट, मीडिया, बड़े नेताओं के चुनावी दौरे और संगठन के कामकाज की जिम्मेदारी दी जाएगी। जानकारी के मुताबिक बिहार विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक होगा बड़े नेताओं का बिहार प्रवास में तेजी आएगी।



#### कई नेता जाएंगे बिहार दौरे पर

झारखंड से जो बड़े नेता बिहार दौरे पर जाने वाले हैं उसमें पूर्व सीएम रघुवर दास, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, नेता प्रतिपक्ष और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद निशिकांत दूबे, विधायक सीपी सिंह सहित कई वर्तमान और पूर्व विधायक शामिल हैं।

#### दीपक प्रकाश पहले से बिहार की संभाल रहे हैं कमान

झारखंड बीजेपी के बड़े नेताओं में से दीपक प्रकाश पहले से ही बिहार भाजपा के सह प्रभारी के रूप में काम कर रहे हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करना उनके लिए बड़ी चुनौती है। बिहार में एक बार फिर नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनने का दावा कर रहे सांसद दीपक प्रकाश कहते हैं कि दोनों राज्यों के बीच सामाजिक संबंध है जाहिर तौर पर एक राष्ट्रीय पार्टी होने के नाते झारखंड के भी नेताओं और कार्यकर्ताओं को जो जिम्मेदारी दी जाएगी उसका निर्वहन वह करेंगे।

#### जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, उसे पूरा करूंगा- अमित मंडल

पूर्व विधायक अमित मंडल कहते हैं कि बिहार से सटे जिलों में न केवल रोटी बेटी का नाता है बल्कि भाषा को लेकर भी दोनों राज्यों के बीच अन्योन्याश्रय संबंध है। ऐसे में एक राष्ट्रीय पार्टी होने के नाते हम मदद करने के लिए बिहार जाएंगे। हमारा एकमात्र लक्ष्य है कि राज्य में भाजपा की सरकार बने। इसके लिए पहले भी दूसरे राज्यों में जाने की परंपरा रही है। इसी के तहत इस बार भी पार्टी जो जिम्मेदारी देगी उसे हम पूरा करेंगे।

## बिपिन उपाध्याय बने अपना पूर्वांचल महासंघ के वाराणसी जिला प्रभारी

**एजेंसी । वाराणसी**

अपना पूर्वांचल महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट अशोक कुमार दुबे ने बिपिन शीतलाप्रसाद उपाध्याय को वाराणसी/काशी जिले का जिला प्रभारी नियुक्त किया है। अध्यक्ष दुबे ने विश्वास जताया कि उपाध्याय न केवल अपने पद की गरिमा बनाए रखेंगे, बल्कि संगठन के उद्देश्यों को भी प्रभावी रूप से जमीन पर उतारेंगे। विशेष रूप से पूर्वांचल क्षेत्र में शिक्षा और रोजगार जैसे विकास कार्यों को गति देने का दायित्व उन्हें सौंपा गया है।

#### जनसंपर्क और कार्यकुशलता के कारण मिली अहम जिम्मेदारी



बिपिन उपाध्याय की जनसंपर्क क्षमता, सामाजिक कार्यों के प्रति प्रतिबद्धता और कार्यकुशलता को देखते हुए उन्हें यह अहम जिम्मेदारी दी गई है। उनके नेतृत्व में जिले में संगठन के कार्यों को नई दिशा और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

#### संगठन के प्रमुख कार्यों का नेतृत्व करेंगे उपाध्याय

अपना पूर्वांचल महासंघ शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, रोजगार, सामाजिक उत्थान, ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने जैसे प्रमुख कार्यों में सक्रिय है। अब इन सभी कार्यों का नेतृत्व जिला प्रभारी के रूप में बिपिन उपाध्याय करेंगे। उपाध्याय को यह भी जिम्मेदारी दी गई है कि वे जिले में सहसंयोजकों की नियुक्ति करें, संगठन की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाएं और शासन-प्रशासन के अधिकारियों व विभागों से समन्वय बनाकर जनहित में कार्य करें।

# भीषण गर्मी से तप रहा बिहार

**पटना डीएम ने सरकारी स्कूल और कोचिंग की टाइमिंग में किया बदलाव**



पटनाः बिहार में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए पटना जिला प्रशासन ने अहम कदम उठाया है। यहां के जिलाधिकारी ने बीती रात आदेश जारी करते हुए राज्य के सभी सरकारी स्कूलों के साथ-साथ आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन की अवधि को तय कर दिया है। जिले के सभी स्कूलों में कक्षा 8वीं तक की शैक्षणिक गतिविधियों को 11 बजे के बाद प्रतिबंधित किया गया है। यह आदेश 16 जून 2025 तक लागू रहेगा। पटना जिलाधिकारी डॉ। त्यागराजन एसएम ने आदेश पारित करते हुए जिले के सभी निजी, सरकारी स्कूलों में कक्षा 8वीं तक और सभी कोचिंग संस्थानों में शैक्षणिक गतिविधियों पर 11 बजे के बाद और प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में सुबह 10 बजे के बाद गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया गया है। यदि गर्मी का प्रकोप जारी रहा तो इसे आगे भी बढ़ाया जा सकता है। पटना जिले के अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी केंद्र 13 जून से 10 बजे तक ही संचालित किए जाएंगे। भीषण गर्मी और लू के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पटना जिला पदाधिकारी द्वारा दिए गए आदेश के आलोक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस) ने सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

# यूपीएससी पास कराने के नाम पर महिला से ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**14 लाख नकद और 19 नकली सोने के सिक्के बरामद**

**एजेंसी । मथुरा**

UPSC परीक्षा पास कराने और सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक महिला से लाखों की ठगी करने वाले आरोपी को मथुरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान आमीन के रूप में हुई है, जो जनपद के गोवर्धन थाना क्षेत्र के देवसेरस गांव का रहने वाला है। एसपी क्राइम अवनीश कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपी आमीन को शहर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से 14 लाख नकद और 19 नकली सोने के सिक्के बरामद किए गए हैं।

#### हरियाणा की महिला बनी थी शिकार



पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने हरियाणा के पानीपत की रहने वाली एक महिला से संपर्क किया और उसे UPSC पास कराने और बड़े सरकारी पद पर तैनात कराने का झांसा दिया। महिला से उसने 15 लाख ठग लिए। पीड़िता ने इस ठगी की शिकायत इसी साल फरवरी में दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया।

#### परिवार में पहले भी रहा है ठगी का इतिहास

पुलिस ने यह भी बताया कि आरोपी का बेटा पहले ही एक अन्य ठगी मामले में जेल जा चुका है। वह वाराणसी कमिश्नरेट के पीआरओ से ठगी के एक मामले में पकड़ा गया था। आरोपी आमीन के पास से बड़ी मात्रा में नकदी और नकली सोने के सिक्के मिलने से यह भी शक जताया जा रहा है कि वह और लोगों को भी ठगी का शिकार बना चुका है। पुलिस अब इसके नेटवर्क और अन्य पीड़ितों का पता लगाने में जुटी है।

#### आरोपी के खिलाफ और भी खुलासों की उम्मीद

एसपी क्राइम ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और उसके अन्य साथियों या पीड़ितों की जानकारी मिल सकती है। जल्द ही इस ठगी रैकेट से जुड़े और लोगों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

# एटीएस और जिला पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## एक कारोबारी गिरफ्तार, जिलेटिन और डेटोनेटर जब्त

**एजेंसी । पाकुड़**

झारखंड के पाकुड़ जिले में आतंकवाद निरोधक दस्ता (ATS) और जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री जब्त की है। यह छापेमारी पाकुड़िया थाना क्षेत्र के डोमनगढ़िया गांव में की गई। इस दौरान विस्फोटक सामग्री के अवैध कारोबार में लिप्त एक आरोपी समसुल हसन को गिरफ्तार किया गया है, जिससे पूछताछ जारी है।

#### लाखों रुपए के विस्फोटक जब्त

पुलिस सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार को रांची से ATS की टीम पाकुड़ पहुंची। पाकुड़िया थाना की पुलिस के साथ मिलकर डोमनगढ़िया गांव में छापेमारी की गई। इस दौरान बड़ी मात्रा में जिलेटिन और डेटोनेटर बरामद किए गए। बरामद विस्फोटक की कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है।




#### वेस्ट बंगाल सीमा से लगा इलाका, संदिग्ध गतिविधियों की जांच तेज

डोमनगढ़िया गांव की सीमा पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले से लगती है, जो इसे संवेदनशील बनाता है। पुलिस फिलहाल बरामद विस्फोटक सामग्री की गिनती कर रही है। थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि ATS को गुप्त सूचना मिली थी कि इस इलाके में अवैध विस्फोटकों का जखीरा छिपाकर रखा गया है और उसकी बिक्री की तैयारी चल रही है।

#### पाकुड़िया और महेशपुर में सक्रिय है पत्थर माफिया

गौरतलब है कि पाकुड़िया और महेशपुर प्रखंड क्षेत्र में दर्जनों पत्थर खदानें हैं, जहां अवैध खनन और विस्फोटकों के गैरकानूनी प्रयोग की घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं। ऐसे में ATS की कार्रवाई से माफिया नेटवर्क को बड़ा झटका लग सकता है। पुलिस इस पूरे मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

## व्यापार जगत

# लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार सेंसेक्स 573 अंक टूटा

**एयर इंडिया हादसे और पश्चिम एशिया के तनाव का असर**

**एजेंसी । मुंबई**

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और इजराइल-ईरान टकराव का सीधा असर शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार पर देखने को मिला। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही प्रमुख सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 573.38 अंक (0.70%) लुढ़ककर 81,118.60 पर बंद हुआ।

#### इन शेयरों में बड़ी गिरावट



अडाणी पोर्ट्स, आईटीसी, इंडसइंड बैंक, एसबीआई और एचडीएफसी बैंक में 1% से अधिक की गिरावट रही। टेक महिंद्रा, टीसीएस, सन फार्मा और मारुति सुजुकी के शेयरों में हल्की तेजी रही। बाजार में अस्थिरता को मापने वाला India VIX (विक्स) 7.6% बढ़कर 15.08 के स्तर पर बंद हुआ, जिससे निवेशकों की चिंता और बढ़ गई है।

#### विमान हादसे का असर, एयरलाइन कंपनियों के शेयर टूटे

एयर इंडिया के विमान हादसे के बाद एविएशन सेक्टर में भी गिरावट देखी गई। इंडिगो का शेयर 4% टूटा, स्पाइसजेट 1.61% गिरा। एयर इंडिया का संचालन करने वाले टाटा समूह की कंपनियों के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए।

#### बैंकिंग, ऑटो और आईटी शेयरों में भारी गिरावट

सेंसेक्स के 30 में से सिर्फ 4 शेयरों में ही तेजी दर्ज की गई, जबकि 26 कंपनियों के शेयर लाल निशान में रहे। बैंकिंग, ऑटो, आईटी और ऑयल एंड गैस सेक्टर की कंपनियों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ।

# वित्त मंत्री सीतारमण बैंकों के प्रमुखों से करेंगी मुलाकात

**सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक प्रमुखों के साथ वार्षिक समीक्षा करेंगी सीतारमण**

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 27 जून को देश के सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के प्रमुखों के साथ अहम बैठक करेंगी। इस बैठक में बैंकों के वित्तीय प्रदर्शन की वार्षिक समीक्षा, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति, और वर्तमान आर्थिक नीतियों पर बैंकिंग क्षेत्र की भूमिका जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी।

#### बैठक की पृष्ठभूमि में ब्याज दरों में कटौती



सूत्रों के मुताबिक, यह बैठक ऐसे समय पर हो रही है जब भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने हाल ही में रेपो रेट में 0.50% (50 आधार अंक) की कटौती की है। इस कदम के बाद, वित्त मंत्री सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से उत्पादक क्षेत्रों को अधिक ऋण देने और कर्ज वितरण में वृद्धि करने का आग्रह कर सकती हैं। इसका उद्देश्य आर्थिक विकास दर को गति देना है, जो 2024-25 में घटकर 6.5% के स्तर पर आ गई है — जो पिछले चार वर्षों का सबसे निचला स्तर है।

## ईरान-इस्राइल युद्ध के कारण बढ़ सकते हैं पेट्रोल के दाम

**नई दिल्ली।** इस्राइल ने ईरान के कई परमाणु ठिकानों पर हमला कर दिया है। इससे पूरी दुनिया के बाजारों में अफरा-तफरी का माहौल है। भारत सहित दुनिया भर के शेयर बाजारों पर इसका नकारात्मक असर पड़ा है और शेयर टूट गए हैं। निवेशक सुरक्षित निवेश की तलाश में अपना पैसा निकाल रहे हैं। इसका सीधा असर एक बार फिर सोने और डॉलर में तेज निवेश के रूप में सामने आ सकता है, वहीं भारत पर इसके कारण पेट्रोल के दामों में बढ़ोतरी हो सकती है। यदि ऐसा होता है तो इसका सीधा असर माल ढुलाई पर पड़ेगा और इसका असर आवश्यक पदार्थों की कीमतों में तेजी के रूप में सामने आ सकता है। अभी एक ही दिन पहले यह खबर सुनकर आम भारतीय उपभोक्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई थी कि महंगाई दर कई वर्षों में सबसे निचले स्तर 2.82 प्रतिशत पर आ गई थी।

# केंद्र ने शेल इंडिया से की साझेदारी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों (EV) और हरित ऊर्जा क्षेत्रों में युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से शेल इंडिया के साथ साझेदारी की है। इस सहयोग के तहत देश के चुनिंदा आईटीआई (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) और एनएसटीआई (राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान) में ईवी स्किल लैब्स स्थापित की जाएंगी, जहां छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

#### आईटीआई और एनएसटीआई में तैयार होंगे ग्रीन स्किल्ड प्रोफेशनल्स



डीजीटी की महानिदेशक त्रिशालजीत सेठी के अनुसार, यह साझेदारी उद्योग-संगत पाठ्यक्रमों और आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं के जरिए आईटीआई और एनएसटीआई को सशक्त बनाएगी। यह कदम भारत की ग्रीन इकॉनमी की ओर बढ़ते दृष्टिकोण और नेट-जीरो लक्ष्य की दिशा में भी कारगर होगा।

#### शेल और एडुनेट मिलकर देंगे प्रशिक्षण

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) ने एक बयान में कहा कि मंत्रालय के प्रशिक्षण महानिदेशालय (DGT) ने इस परियोजना को शुरू करने के लिए शेल इंडिया के साथ समझौता किया है। शेल के कार्यान्वयन भागीदार एडुनेट फाउंडेशन द्वारा यह कार्यक्रम 5 राज्यों में चलाया जाएगा, जिससे हजारों छात्रों को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में उद्योग-प्रासंगिक कौशल सिखाए जाएंगे।

# खाने-पीने की चीजें होंगी सस्ती

**एजेंसी । नई दिल्ली**

अच्छे मानसून और खाद्य तेल पर आयात शुल्क में कटौती आने वाले महीनों में खाने-पीने की चीजों को सस्ता कर सकती हैं। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई है।

#### समय से पहले आया मानसून



रिपोर्ट में बताया गया कि इस बार मानसून की शुरुआत सकारात्मक रही। केरल में मानसून समय से 5 दिन पहले पहुंच चुका है और देश के दूसरे भागों में भी यही स्थिति देखने को मिल रही है। मई 2025 में भारत में औसत से लगभग 106 % अधिक वर्षा हुई। भारतीय मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि मानसून जून में भी सक्रिय रहेगा। इन सकारात्मक संकेतों के बावजूद बैंक ने मौसम को लेकर चेतावनी जताई है। चरम मौसम संबंधी घटनाएं वर्तमान मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति को बाधित कर सकती हैं।

#### सरकार ने खाद्य तेलों पर आयात शुल्क घटाकर 10% किया

इसमें कहा गया कि सरकार ने 30 मई को सूरजमुखी, सोयाबीन और पाम तेल जैसे कच्चे खाद्य तेलों पर आयात शुल्क 20% से घटाकर 10% कर दिया है। इस कदम से खुदरा उपभोक्ताओं को सीधे लाभ मिलने की संभावना है।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.17 अरब डॉलर बढ़कर 696.65 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार छह जून को समाप्त हफ्ते में 5.17 अरब डॉलर बढ़कर 696.65 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इससे पिछले हफ्ते में 30 मई को विदेशी मुद्रा भंडार 1.24 अरब डॉलर घटकर 691.48 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया है कि छह जून को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.47 अरब डॉलर बढ़कर 587.68 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस अवधि के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.58 अरब डॉलर बढ़कर 85.88 अरब



डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 10.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.67 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 1.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.4 अरब डॉलर पहुंच गया।

एफआईएच प्रो लीग

# ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी भारत

## भारत के सामने हार की लय तोड़ने की चुनौती

एजेंसी | एंटवर्प

भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबला खेलेगी। यह मैच टीम के लिए 'करो या मरो' जैसा बन चुका है क्योंकि भारत पिछले चार मैचों में लगातार हार झेल चुका है। यदि भारत को टूर्नामेंट में शीर्ष तीन में जगह बनानी है और खिताबी दौड़ में बने रहना है, तो उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

### यूरोपीय चरण में एक भी जीत नहीं

यूरोप में खेले जा रहे इस चरण में भारत को अब तक एक भी जीत नहीं मिली है। टीम को नीदरलैंड्स के खिलाफ 1-2 और 2-3 से, जबकि अर्जेंटीना के खिलाफ भी दोनों मुकाबलों में शिकस्त झेलनी पड़ी। भारत फिलहाल 12 मैचों में 15 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है। टीम अब किसी भी तरह की चूक नहीं कर सकती। पेरिस ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया पर मिली जीत से प्रेरणा लेकर भारत इस मैच में जीत की उम्मीद लगाए बैठा है। टीम अपने यूरोपीय चरण का समापन 21 और 22 जून को बेल्जियम के खिलाफ दो मुकाबलों के साथ करेगी।



### डिफेंस और पेनाल्टी कॉर्नर पर करना होगा सुधार

नीदरलैंड्स और अर्जेंटीना के खिलाफ भारत की डिफेंस लाइन कमजोर नजर आई। अंतिम क्षणों में गोल खाना और पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने में नाकामी टीम की बड़ी कमजोरी रही। भारत को अब पेनाल्टी कॉर्नर हासिल करने और उन्हें गोल में तब्दील करने की रणनीति पर गंभीरता से काम करना होगा।

### महिला टीम जीत से चाहेगी आगाज

लंदन। अपनी कमजोरियों को दूर करने के लिए कड़ी मेहनत करने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम प्रो लीग के यूरोपीय चरण में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत के साथ आगाज करना चाहेगी। टीम फिलहाल नौ अंकों के साथ तालिका में छठे स्थान पर है। भारत ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने के बाद 17 और 18 जून को अर्जेंटीना के खिलाफ दो मैच खेलेगा। टीम इसके बाद 19 जून को एंटवर्प जाएगी जहां उसे बेल्जियम (21 और 22 जून) के खिलाफ दो मैच खेलने हैं। इसके बाद यूरोपीय चरण का समापन बर्लिन में 28 और 29 जून को चीन के खिलाफ मैच के साथ होगा। मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, हमने हर विभाग में काम किया है। लेकिन मैं जिन दो क्षेत्रों पर ज्यादा ध्यान दे रहा हूं वह हैं गोलकीपिंग और ड्रैग फ्लिकिंग। मैच के परिणाम में इन दोनों की भूमिका काफी अहम होती है।

### हरमनप्रीत की वापसी से उम्मीदें

अर्जेंटीना के खिलाफ उंगली में चोट के चलते नहीं खेलने वाले कप्तान हरमनप्रीत सिंह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वापसी कर सकते हैं। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत हमारे लिए बहुत अहम होगी। इससे हमें न केवल अंक मिलेंगे, बल्कि जीत की लय भी वापस आएगी।

### जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को हराकर लगाई जीत की हैट्रिक

एंटवर्प। भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोप दौरे में शानदार प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को बेल्जियम को 3-2 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। इस रोमांचक मुकाबले में सोनम (4वें मिनट), लालथंतलुआंगी (32वें मिनट) और कनिका सिवाच (51वें मिनट) ने गोल दागे। भारत की ओर से सोनम ने चौथे ही मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद भारत ने पहले हाफ तक अपना दबदबा बनाए रखा। तीसरे क्वार्टर में लालथंतलुआंगी ने पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल कर बढ़त को और मजबूत किया।

### बेल्जियम ने की जोरदार वापसी

बेल्जियम ने हार नहीं मानी और 37वें व 40वें मिनट में दो लगातार गोल कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। बेल्जियम के लिए मैरी गोएंस ने पेनाल्टी स्ट्रोक पर और मार्टे मैरी ने मैदानी गोल किया।

## इंग्लैंड में निरंतरता बनाए रखना जरूरी: मोर्ने मोर्कल

एजेंसी | बेकेनहैम




भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल का मानना है कि इंग्लैंड जैसी परिस्थितियों में टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए निरंतरता सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने स्वीकार किया कि टीम इंडिया को लाल गेंद से क्रिकेट खेलने का हाल के दिनों में कम मौका मिला है, जिससे वह थोड़े नर्वस हैं, लेकिन टीम का जज्बा देखकर वह संतुष्ट हैं। मोर्कल ने अभ्यास सत्र के दौरान मीडिया से कहा कि मुझे लगता है कि इंग्लैंड में निरंतरता बनाए रखना बेहद अहम है। यह सिर्फ मैदान पर नहीं, बल्कि मैदान के बाहर भी जरूरी है। हमारे खिलाड़ियों को ऐसी प्रक्रिया अपनानी होगी जो उनके खेल के अनुकूल हो। मोर्कल ने भारतीय गेंदबाजी आक्रमण की तारीफ करते हुए कहा कि टीम के पास काफी विविधता है और हर खिलाड़ी के पास अलग तरह की स्किल्स हैं। उन्होंने कहा कि हमारे गेंदबाजी आक्रमण में गजब की विविधता है। खिलाड़ियों के पास अलग-अलग कौशल हैं, जो उन्हें बेहतरीन प्रदर्शन में मदद करते हैं। साथ ही वे बुनियादी चीजों को भी सही तरीके से अंजाम दे रहे हैं।

### लाल गेंद से अभ्यास की कमी, फिर भी तैयारी से संतुष्ट

भारत ने इस साल जनवरी में सिडनी टेस्ट में आखिरी बार लाल गेंद से क्रिकेट खेला था। टीम में यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन जैसे खिलाड़ी पहली बार इंग्लैंड में टेस्ट खेलेंगे। इस बारे में मोर्कल ने कहा कि हमने हाल के दिनों में लाल गेंद से बहुत कम क्रिकेट खेली है, जिससे मैं थोड़ा नर्वस था। लेकिन पिछले तीन दिनों में खिलाड़ियों ने जिस तरह से अभ्यास किया है, वह बेहद संतोषजनक है। टीम में शानदार ऊर्जा है और टेस्ट सीरीज में आत्मविश्वास के साथ उतरना बेहद जरूरी होता है।

## न्यूज ब्रीफ

### मां के अस्पताल में भर्ती होने के बाद स्वदेश लौटे गंभीर



बेकेनहैम/नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर शुक्रवार को अचानक स्वदेश लौट आए, क्योंकि उनकी मां सीमा गंभीर की तबीयत अचानक बिगड़ गई। बीसीसीआई सूत्रों के मुताबिक, गंभीर की मां को बुधवार को दिल का दौरा पड़ा, जिसके बाद उन्हें तुरंत नई दिल्ली के एक अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। गंभीर, जो इस समय इंग्लैंड दौरे पर टीम इंडिया के साथ थे, परिवार के साथ भारत लौट आए। सूत्रों के अनुसार, गंभीर की मां की स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है, लेकिन वह अभी भी आईसीयू में हैं। शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टेस्ट टीम 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलने जा रही है। ऐसे में यह उम्मीद की जा रही है कि यदि उनकी मां की हालत स्थिर रहती है, तो गंभीर टेस्ट सीरीज के पहले मैच से पहले टीम के साथ फिर से जुड़ सकते हैं।

### भारत जूनियर महिला हॉकी विश्व कप 2025 के ग्रुप C में



नई दिल्ली / लुसाने (स्विट्ज़रलैंड)। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को दिसंबर 2025 में चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप के लिए ग्रुप C में शामिल किया गया है। भारत इस ग्रुप में जर्मनी, आयरलैंड और नामीबिया जैसी टीमों से मुकाबला करेगा। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (FIH) द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में इस बार पहली बार कुल 24 टीमें भाग लेंगी। इन्हें चार-चार टीमों के छह ग्रुप (A से F) में बांटा गया है। टूर्नामेंट 1 दिसंबर से 13 दिसंबर 2025 तक सैंटियागो में खेला जाएगा। भारत ने अभी तक महिला जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप नहीं जीता है। हालांकि, जर्मनी के मोनचेंग्लाडबैक में हुए एक संस्करण में भारत तीसरे स्थान पर और दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में हुए टूर्नामेंट में चौथे स्थान पर रहा था। हाल ही में भारतीय टीम ने अर्जेंटीना में आयोजित चार देशों के टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करते हुए चार मैचों में जीत हासिल की थी।

# आईएसएसएफ विश्व कप में सुरुचि सिंह को स्वर्ण

एजेंसी | म्यूनिख

भारतीय युवा निशानेबाज सुरुचि सिंह ने एक बार फिर देश का नाम रोशन किया है। शुक्रवार को हुए आईएसएसएफ विश्व कप में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने लगातार तीसरा स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह सुरुचि का तीसरा विश्व कप है और उन्होंने अब तक कुल चार पदक जीत लिए हैं, जिनमें तीन व्यक्तिगत स्वर्ण शामिल हैं।

महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में जीता पदक



### 241.9 अंकों के साथ मिला स्वर्ण

फाइनल मुकाबले में सुरुचि ने 241.9 अंक हासिल किए। उन्होंने चीन की कियानक्सुन याओ (221.7 अंक) और फ्रांस की कैमिली जेड्रेजेवस्की (241.7 अंक) को पछाड़ते हुए स्वर्ण पर कब्जा जमाया। एक समय जब कांस्य पदक की स्थिति से आगे बढ़ते हुए उन्होंने 10.5 अंक का सटीक निशाना लगाया, तो मुकाबले का रुख ही बदल गया।

### अंतिम शॉट बना निर्णायक

आखिरी शॉट में सुरुचि ने 9.5 अंक बनाए, जो स्वर्ण जीतने के लिए काफी साबित हुआ, जबकि फ्रांस की जेड्रेजेवस्की ने केवल 9.8 अंक ही जुटा सकीं। इससे पहले क्वालिफिकेशन राउंड में भी सुरुचि ने 588 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया था।

### मनु भाकर भी रही मुकाबले में शामिल

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर इस प्रतियोगिता में 574 अंक के साथ 25वें स्थान पर रहीं और फाइनल में जगह नहीं बना सकीं। हालांकि, उन्होंने फाइनल मुकाबले की कमेंट्री करते हुए अपनी हमवतन की इस जीत पर खुशी और गर्व जाहिर किया। सुरुचि इससे पहले अप्रैल में ब्यूनस आयर्स और लीमा में आयोजित विश्व कप में भी स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। उनकी लगातार यह तीसरी बड़ी जीत है, जो उन्हें भविष्य की दिग्गज निशानेबाजों की कतार में शामिल कर रही है।


बॉ ली वु ड



# सनी देओल की बॉर्डर-2 में एक्ट्रेस सोनम बाजवा की हुई एंट्री



पिछले काफी समय से बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बॉर्डर-2' चर्चा में बनी हुई है और इसका मुख्य कारण हैं सनी देओल, जो अपनी पिछली फिल्म 'जाट' के बाद से लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। फिल्म में दिलजीत दोसांझ भी एक महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। 'हाउसफुल-5' में नजर आईं सोनम बाजवा भी अब इस फिल्म का हिस्सा बन गई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक 'बॉर्डर-2' में सोनम बाजवा की एंट्री हो चुकी है और वह फिल्म में एक अहम भूमिका निभाने जा रही हैं। सोनम जून के अंत में शूटिंग शुरू करेंगी। फिल्म में उनकी जोड़ी एक बार फिर दिलजीत दोसांझ के साथ बनी है। सोनम इस बार पंजाब की एक मजबूत और प्रभावशाली महिला का किरदार निभाएंगी। दिलजीत और सोनम की जोड़ी पहले भी 'हौसला रख', 'सरदार जी' और 'पंजाब 1984' जैसी हिट फिल्मों में दर्शकों का दिल जीत चुकी है। अब यह हिट जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपनी केमिस्ट्री से जादू बिखेरने को तैयार है। 'बॉर्डर-2' में सनी देओल और दिलजीत दोसांझ के साथ-साथ वरुण धवन और अहान शेट्टी भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की कास्टिंग अभी पूरी नहीं हुई है। मेकर्स एक और लीड एक्ट्रेस की तलाश में हैं, जो वरुण धवन के अपोज़िट नजर आएंगी। अभी तक इस किरदार के लिए किसी का नाम फाइनल नहीं किया गया है। दिलचस्प बात यह है कि 'बॉर्डर-2' में भले ही कास्ट नई हो, लेकिन इसमें क्लासिक गाना 'संदेसे आते हैं' फिर से सुनने को मिलेगा। इस बार इस आइकॉनिक गाने को सोनू निगम और अरिजीत सिंह अपनी आवाज देंगे, जो दर्शकों के लिए एक खास तोहफा साबित हो सकता है।



# द राजा साब के टीजर लीक पर निर्माताओं ने दिए कड़े निर्देश

साउथ सुपरस्टार प्रभास की आगामी हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'द राजा साब' को लेकर उत्साह चरम पर है। लेकिन टीजर के आधिकारिक रिलीज से पहले ही कुछ फुटेज के सोशल मीडिया पर लीक हो जाने से निर्माता परेशान हैं। इस अनधिकृत लीक को लेकर फिल्म की टीम ने सख्त चेतावनी जारी की है। प्रभास की यह बहुप्रतीक्षित फिल्म मारुति द्वारा निर्देशित है और इसका टीजर 16 जून 2025 को रिलीज होने वाला है। प्रभास की फिल्म के टीजर के कुछ क्लिप्स पहले ही इंटरनेट पर वायरल हो गए हैं। इसे देखते हुए, फिल्म की टीम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक सख्त पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि अगर द राजा साब से जुड़ी कोई भी लीक हुई सामग्री पाई जाती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी और संबंधित अकाउंट सस्पेंड कर दिए जाएंगे। टीम ने सभी प्रशंसकों से सहयोग की अपील करते हुए आगे लिखा कि हम आपसे अनुरोध करते हैं कि इस अनुभव की गरिमा बनाए रखने में हमारा साथ दें। जिम्मेदारी से जश्न मनाएं और किसी भी प्रकार की अनधिकृत सामग्री को साझा करने से बचें। पीपल मीडिया फैक्ट्री द्वारा निर्मित यह फिल्म एक दिलचस्प हॉरर-कॉमेडी है, जिसमें प्रभास के अलावा निधि अग्रवाल, मालविका मोहनन, रिद्धि कुमार, संजय दत्त और योगी बाबू जैसे दमदार कलाकार नजर आएंगे। फिल्म का संगीत मशहूर संगीतकार थमन एस ने तैयार किया है। प्रभास की पिछली फिल्मों की तरह ही इस फिल्म से भी बड़े पैमाने पर बॉक्स ऑफिस सफलता की उम्मीद की जा रही है। खासतौर पर 'हॉरर और कॉमेडी' का यह मिक्स फॉर्मेट दर्शकों को खूब भा सकता है। निर्माताओं की यह सख्ती बताती है कि वे किसी भी तरह से दर्शकों के सिनेमाई अनुभव के साथ समझौता नहीं करना चाहते। फिल्म 5 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी और इसे लेकर सोशल मीडिया पर पहले ही जबरदस्त चर्चा है।

# 'शक्तिमान' बन मुकेश खन्ना को टक्कर देंगे अल्लू अर्जुन





आखिरकार मुकेश खन्ना को अपनी फिल्म 'शक्तिमान' के लिए हीरो मिल गया है। अल्लू अर्जुन अब बड़े पर्दे पर शक्तिमान बनेंगे। पिछले कुछ सालों से 'शक्तिमान' पर बन रही फिल्म को लेकर चर्चा चल रही थी। मुकेश भी कई बार कह चुके थे कि वह शक्तिमान पर फिल्म बना रहे हैं। फिल्म से जुड़ीं कुछ बड़ी जानकारियां बाहर आई हैं, जिन्हें जानने के बाद बेशक 'शक्तिमान' को लेकर दर्शकों का उत्साह दोगुना हो जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, पैन इंडिया स्टार अल्लू को शक्तिमान का किरदार निभाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी के साथ सुपरस्टार पर्दे पर सुपरहीरो बन दर्शकों के दिलों पर राज करने के लिए तैयार हैं। 'शक्तिमान' एक बार फिर पटरी पर आ गई है और हीरो के लिए अल्लू का नाम लगभग तय हो चुका है। मलयालम सुपरहीरो फिल्म 'मिन्नल मुरली' से दर्शकों और समीक्षकों को अपना मुरीद बना चुके बेसिल जोसेफ इसका निर्देशन करने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अल्लू अब शक्तिमान और पंडित गंगाधर विद्याधर वाला किरदार निभाएंगे। शक्तिमान बनना अल्लू पर काफी बड़ी जिम्मेदारी होगी, क्योंकि मुकेश खन्ना ने शक्तिमान और पंडित गंगाधर विद्याधर का किरदार निभाया था। उन्होंने भारत के पहले सुपरहीरो कहे जाने वाले शक्तिमान का किरदार इस तरह निभाया था कि कोई भी उनकी जगह किसी और अभिनेता की कल्पना ही नहीं कर सकता। ऐसे में शक्तिमान और विद्याधर की भूमिका से न्याय कर पाना अल्लू के लिए काफी चुनौतीपूर्ण होगा।



- 2 सैन्य अड्डे भी बर्बाद
- ईरान के 20 सीनियर कमांडर ढेर

# इजराइल ने ईरान के 4 एटमी ठिकाने किए तबाह

## सेना प्रमुख, स्पेशल फोर्स चीफ और दो परमाणु वैज्ञानिकों की मौत

**एजेंसी । तेहरान/तेल अवीव**

इजराइल ने शुक्रवार सुबह ईरान के 4 एटमी और 2 सैन्य ठिकानों पर 200 फाइटर जेट से मिसाइलें दागीं। हमले में ईरान के सेना प्रमुख, स्पेशल फोर्स के चीफ, 2 बड़े परमाणु वैज्ञानिक समेत 5 बड़े अफसर मारे गए। हमले के बाद इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने कहा कि ईरान परमाणु बम तैयार करने वाला था, इसलिए उस पर हमला किया गया। इजराइली सेना का दावा है कि ईरान के पास 15 परमाणु बम बनाने लायक यूरेनियम है। इजराइल ने इसीलिए टारगेट भी 4 बड़े न्यूक्लियर प्लांट्स को किया। वहीं हथियार बनाने की क्षमता रखने वाली एक फैक्ट्री और बड़े मिलिट्री अफसरों के रेसिडेंशियल कॉम्प्लेक्स को भी तबाह कर दिया।

### ईरान ने की पुष्टि

ईरान ने पुष्टि की है कि इस्राइली हमले में रिवोल्यूशनरी गार्ड के मिसाइल कार्यक्रम के प्रमुख जनरल आमिर अली हाजीजादेह की मौत हो गई। एसोसिएटेड प्रेस ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

### खामेनेई ने दो नए शीर्ष सैन्य कमांडरों की नियुक्ति की

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने शुक्रवार को इस्राइल के हमलों में मारे गए दो शीर्ष सैन्य कमांडरों की जगह नए अधिकारियों की नियुक्ति की है। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने बताया कि जनरल अब्दोलरहीम मौसावी को सशस्त्र बलों का नया प्रमुख बनाया गया है। वह जनरल मोहम्मद बाघेरी की जगह लेंगे। मूसेवी इससे पहले ईरानी सेना के प्रमुख थे। खामेनेई ने मोहम्मद पाकपौर को अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड का नया प्रमुख नियुक्त किया है। वह जनरल हुसैन सलामी की जगह लेंगे। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड को 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद बनाई गई थी।


### ईरान ने अपने जवाबी हमले में इजरायल पर 100 से अधिक ड्रोन दागे

ईरान ने अपने जवाबी हमले में इजरायल पर 100 से अधिक ड्रोन दागे हैं. इजरायल का एयर डिफेंस सिस्टम आयरन डोम एक्टिव हो गया है. इस बीच आईडीएफ ने ईरान के तीन बड़े सैन्य अधिकारियों को मारने का दावा किया है. आईडीएफ ने पर एक पोस्ट में कहा, 'अब हम इस बात की पुष्टि कर सकते हैं कि ईरानी सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ, ईरान रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर और ईरान के इमरजेंसी कमांड के कमांडर 200 से अधिक लड़ाकू विमानों द्वारा ईरान में किए गए इजरायली हमलों में मारे गए. ये तीनों क्रूर सामूहिक हत्यारे थे, जिनके हाथ अंतरराष्ट्रीय खून से रंगे हैं. इनके बिना दुनिया एक बेहतर जगह होगी.'

### इस्राइल में ईरान ने की थी ड्रोन की तस्करी

इस्राइल ने हमले से पहले ईरान में ड्रोन और अन्य हथियारों की तस्करी की थी। यह ड्रोन और हथियार मोसाद खुफिया एजेंसी के साथ मिलकर आईडीएफ ने ईरान में पहुंचाए थे। अधिकारी के मुताबिक मोसाद एजेंटों ने तेहरान के पास ईरानी धरती पर ड्रोन बेस स्थापित किया। ड्रोन रात भर सक्रिय हो गए। इसके अलावा हथियार प्रणालियों से लदे वाहनों को भी ईरान में तस्करी कर लाया गया। इसने ईरान की हवाई सुरक्षा को नष्ट कर दिया तथा इस्राइली विमानों को ईरान पर हवाई प्रभुत्व और कार्रवाई की स्वतंत्रता प्रदान की। तीसरा गुप्त प्रयास मोसाद कमांडो द्वारा मध्य ईरान में विमान रोधी स्थलों के पास सटीक मिसाइलों की तैनाती करना था। अधिकारी ने कहा कि ये ऑपरेशन अभूतपूर्व सोच, साहसिक योजना और उन्नत तकनीकों, विशेष बलों और एजेंटों के सर्जिकल ऑपरेशन पर आधारित थे, जो स्थानीय खुफिया एजेंसियों की नजरों से पूरी तरह बचते हुए ईरान के मध्य में काम कर रहे थे।

### ट्रंप ने ईरान को दी धमकी



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी ईरानी को फिर से परमाणु समझौता करने को कहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर ईरान से उसके परमाणु कार्यक्रम को लेकर वाशिंगटन के साथ समझौता करने की अपील की है। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि इस्राइल के हमले और भी बुरे होंगे। शुक्रवार को हुए हमलों के बाद अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी में ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर कहा, अब भी समय है कि इस रक्तपात को रोका जा सकता है। अगली हमले की योजना पहले से ही बनाई जा चुकी है और वे पहले से कहीं ज्यादा क्रूर होंगे।

### ईरान ने अमेरिकी के साथ होने वाली बातचीत को किया रद्द

ईरान ने अमेरिका के साथ होनी वाली परमाणु वार्ता से आधिकारिक तौर पर खुद को अलग कर लिया है। तेहरान ने यह फैसला राज्य टेलीविज़न पर आधिकारिक घोषणा के ज़रिए किया है। ईरानी सांसद अलादीन बोरूजेरदी ने बताया कि ओमान में 15 जून को होने वाले छठे दौर की बातचीत को रद्द कर दिया गया है ।यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक पोस्ट में संकेत दिया कि ईरान के पास डील करने का दूसरा मौका हो सकता है। इस कदम से अमेरिका-ईरान संबंधों में एक बार फिर तनाव गहराने की आशंका जताई जा रही है।

# एअर इंडिया के विमान की थाईलैंड में इमरजेंसी लैंडिंग

- बम की धमकी से मचा हड़कंप
- फुकेट से दिल्ली आ रहा था

**एजेंसी । बैंकॉक**

थाईलैंड के फुकेट इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब एअर इंडिया की फ्लाइट AI-379 में बम होने की सूचना मिली। यह फ्लाइट फुकेट से दिल्ली जा रही थी, जिसमें कुल 156 लोग सवार थे। सूचना मिलते ही विमान की आपातकालीन लैंडिंग कराई गई, जिसमें सभी यात्री और क्रू मेंबर सुरक्षित बताए गए हैं।

### 20 मिनट बाद सुरक्षित लौट आया विमान



न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के अनुसार, फ्लाइट ट्रैकर फ्लाइटरडर24 ने बताया कि यह विमान भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे (स्थानीय समय 2:30 बजे) फुकेट से रवाना हुआ था। लेकिन उड़ान भरने के कुछ समय बाद ही विमान अंडमान सागर के ऊपर चक्कर लगाते हुए वापस लौटा और करीब 20 मिनट बाद फुकेट एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग कर दी गई।

### ACP योजना लागू, एयरपोर्ट पर हाई अलर्ट

जैसे ही बम की धमकी की सूचना मिली, फुकेट एयरपोर्ट प्रशासन ने तुरंत एयरपोर्ट कंटिन्जेंसी प्लान (ACP) एक्टिवेट कर दिया। नेशन थाईलैंड के मुताबिक, एयरपोर्ट अथॉरिटी ने कहा कि उन्होंने पूरी सतर्कता के साथ सभी आवश्यक कदम उठाए हैं और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

### फिलहाल जांच जारी, जल्द दी जाएगी विस्तृत जानकारी

अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल विमान की जांच की जा रही है और सभी संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा उपाय अपनाए गए हैं। जैसे ही अधिक जानकारी सामने आएगी, मीडिया को अपडेट दिया जाएगा।

# उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने के आदेश

### सीएम हिमंत ने किया था धुबरी का दौरा



**एजेंसी । धुबरी**

असम के धुबरी में रविवार को मंदिर के बाहर मांस फेंके जाने के बाद सांप्रदायिक तनाव फैल गया था। सोमवार को कस्बे में इस घटना के विरोध में अब असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक वीडियो पोस्ट की। इसमें उन्होंने कहा कि धुबरी में एक सांप्रदायिक ग्रुप मंदिरों को क्षति पहुंचाने की नीयत से सक्रिय हो चुका है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में शूट एट साइट का आदेश दिया गया है।

### 'खुद करूंगा मंदिर की पहरेदारी'

सांप्रदायिक तनाव फैलने के बाद सीएम हिमंत ने धुबरी का दौरा किया और अधिकारियों को असामाजिक तत्वों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने का आदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि घटना में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में लिखा, 'इस बार ईद पर कुछ असामाजिक तत्वों ने धुबरी के हनुमान मंदिर में गौ मांस फेंककर घृणित और निंदनीय अपराध किया! आगामी ईद पर अगर आवश्यकता पड़ी, तो मैं खुद रात भर हनुमान बाबा के मंदिर में पहरेदारी करूंगा।'

## न्यूज़ ब्रीफ

### करिश्मा कपूर के पूर्व पति व व्यवसायी संजय कपूर का निधन

**नई दिल्ली।** जानी-मानी अभिनेत्री करिश्मा कपूर के पूर्व पति व व्यवसायी संजय कपूर का दिल का दौरा पड़ने से गुरुवार रात निधन हो गया। जिस समय उन्हें दिल का दौरा पड़ा, वह यूके में पोलो खेल रहे थे। कपूर की कंपनी सोना कॉमस्टार ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स पर उनके निधन की जानकारी दी और शोक जताया। संजय 53 वर्ष के थे। संजय कपूर ने वर्ष 2003 में फिल्म अभिनेत्री करिश्मा कपूर से शादी की थी जिनसे 2016 में उनका तलाक हो गया था। करिश्मा से संजय कपूर के दो बच्चे हैं।

### लाल पत्थरों वाले 'नॉर्थ ब्लॉक' से विदा लेंगे गृह/डीओपीटी मंत्रालय

**नई दिल्ली।** लाल पत्थरों वाले केंद्र सरकार के 'पावर सेंटर' यानी 'नॉर्थ ब्लॉक' और 'साउथ ब्लॉक' के खाली होने का समय करीब आ गया है। 'नॉर्थ ब्लॉक' से केंद्रीय गृह, विदेश एवं डीओपीटी मंत्रालय विदाई लेंगे। अब इनके सहित कई दूसरे मंत्रालयों/विभागों को भी अपना नया पता मिल गया है। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचवाईए) के एस्टेट निदेशालय ने कर्तव्य पथ पर बने 'कॉमन सेंट्रल सेक्रेटेरिएट' के भवन-3 में गृह मंत्रालय और डीओपीटी सहित कई विभागों को फ्लोर व रूम अलॉट कर दिए गए हैं। इसी माह ये मंत्रालय नए भवन में शिफ्ट हो जाएंगे।

### सबरीमाला मंदिर आज से मिथुनम मासिक पूजा के लिए खुलेगा

**पथानामथिट्टा।** सबरीमाला अयप्पा मंदिर को मिथुनम मासिक पूजा के लिए 14 जून को खोल दिया जाएगा।इस दिन शाम 5 बजे तंत्री कंदारारू राजीवारू की मौजूदगी में मुख्य पुजारी अरुण कुमार नंबूदरी मंदिर के कपाट खोलेंगे और दीप प्रज्वलित करेंगे। इसके बाद 'पथिनेट्टम पदी' (18 पवित्र सीढ़ियां) के नीचे पवित्र अग्नि जलाई जाएगी। मंदिर मिथुनम महीने के पहले दिन 15 जून को सुबह 5 बजे खुलेगा।

# असम में एनडीए की बड़ी जीत

## निर्विरोध राज्यसभा के लिए चुने गए दो उम्मीदवार

**गुवाहाटी।** असम से एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) के दो उम्मीदवार, भाजपा के कनद पुरकायस्थ और असम गण परिषद (एजीपी) के बिरेन्द्र प्रसाद बैश्य निर्विरोध रूप से राज्यसभा के लिए चुने गए हैं। चुनाव अधिकारी के अनुसार, विपक्षी दलों ने राज्यसभा चुनाव के लिए कोई उम्मीदवार खड़ा नहीं किया, जिसके चलते दोनों को निर्विरोध विजयी घोषित किया गया। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि गुरुवार थी। अधिकारी ने बताया, चूंकि विपक्ष की ओर से कोई उम्मीदवार नहीं था, इसलिए भाजपा के कनद पुरकायस्थ और एजीपी के बिरेन्द्र प्रसाद बैश्य को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया है। इन दोनों सीटों के लिए चुनाव 19 जून को प्रस्तावित थे, लेकिन अब चुनाव की आवश्यकता नहीं रह गई।

### पहली बार राज्यसभा सदस्य बनेंगे कनद



जानकारी के मुताबिक कनद पुरकायस्थ पहली बार संसद सदस्य बनेंगे। वे वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री कबिंद्र पुरकायस्थ के बेटे हैं। वे सिलचर से ताल्लुक रखते हैं। वर्तमान में वे भाजपा की राज्य इकाई के सचिव हैं। बिरेन्द्र प्रसाद बैश्य वयोवृद्ध एजीपी नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं। यह उनका राज्यसभा में तीसरा कार्यकाल होगा। वे एक बार लोकसभा सदस्य भी रह चुके हैं।

### सीएम ने की तमिल परिवारों के लिए उचित आश्रय की मांग



**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंगपुरा स्थित मद्रासी कैंप में हुई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद 370 तमिल मूल के परिवार बेघर हो गए हैं। इस घटना पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर बेघर परिवारों को तुरंत आश्रय व आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। मुख्यमंत्री स्टालिन ने अपने पत्र में लिखा कि दिल्ली हाईकोर्ट के निर्देश पर किए गए संयुक्त सर्वेक्षण में 189 परिवारों को ईडब्ल्यूएस फ्लैट के लिए पात्र पाया गया था। अदालत ने दिल्ली सरकार, डीडीए और डीयूएसआईबी को निर्देश दिए थे कि नरेला के पॉकेट G-7 और G-8 में स्थित वैकल्पिक आवासों में बिजली, पानी, सफाई, सड़क, जल निकासी और स्ट्रीट लाइटिंग जैसी सभी जरूरी सुविधाएं जल्द से जल्द पूरी की जाएं।

# सुप्रीम कोर्ट ने अंबानी परिवार की सुरक्षा हटाने की याचिका खारिज की

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उद्योगपति मुकेश अंबानी और उनके परिवार को दी गई 'जेड प्लस' सुरक्षा हटाने की याचिका को सख्ती से खारिज कर दिया। अदालत ने याचिकाकर्ता बिकाश साहा को चेतावनी देते हुए कहा कि बार-बार इसी तरह की निराधार याचिकाएं दायर करना अदालत की प्रक्रिया का दुरुपयोग है और भविष्य में ऐसा करने पर जुर्माना लगाया जा सकता है। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने की। अदालत ने कहा कि यह बेहद गंभीर मामला है और कोई भी व्यक्ति अदालत की प्रक्रिया को दबाव में नहीं ले सकता।



### अदालत की सख्त टिप्पणी

न्यायमूर्ति मनमोहन ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा, 'कोई भी व्यक्ति यह तय नहीं कर सकता कि किसे कितनी सुरक्षा मिलेगी। यह केंद्र सरकार और राज्य सरकार की जिम्मेदारी है, जो संबंधित सुरक्षा एजेंसियों की रिपोर्ट पर आधारित होती है।'

### क्या है मामला?

बिकाश साहा नाम के व्यक्ति ने पहले भी इसी मुद्दे पर दो बार याचिका दायर की थी, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट पहले ही खारिज कर चुका है। साहा ने इस बार फिर से एक पुरानी याचिका में 'स्पष्टीकरण' के नाम पर नया आवेदन दायर किया, जिसमें अंबानी परिवार की सुरक्षा हटाने की मांग की गई थी। लेकिन अदालत ने साफ कर दिया कि साहा को इस मामले में कोई अधिकार नहीं है क्योंकि उनका अंबानी परिवार से कोई संबंध नहीं है।

**अलर्ट** 17 जून तक भारी बारिश का अनुमान, मूसलाधार बारिश जारी

# कर्नाटक में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात

- दो मौत के बाद नौ जिलों में रेड अलर्ट

**एजेंसी । हुबली**

कर्नाटक में दक्षिण-पश्चिम मानसून के सक्रिय होते ही भारी बारिश का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को धारवाड़ और हुबली में अलग-अलग घटनाओं में दो ग्रामीणों की मौत हो गई। धारवाड़ के हंचिनाल गांव में 31 वर्षीय किसान शिवय्या बसय्या वतनलमठ ट्रैक्टर पलटने से नाले में डूब गया, जबकि हुबली के नेकर नगर में 58 वर्षीय हुसैनसब कलासा उफनते नाले में बाइक समेत बह गया।



### जनजीवन बुरी तरह प्रभावित, बाढ़ से तबाही

मलनाड क्षेत्र (शिवमोग्गा, चिकमगलुरु, हासन) में पेड़ उखड़ने, जलभराव और यातायात में बाधा की खबरें हैं। पिछले 24 घंटों में राज्य में औसतन 21.9 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य से दोगुनी है। बेलगावी और बागलकोट में अचानक आई बाढ़ ने कई घरों और पेट्रोल पंप को जलमग्न कर दिया है। मालाप्रभा नदी पर बना पार्वती पुल डूबने से यातायात बंद है।

### बाढ़ ने बरपाया कहर

उत्तरी कर्नाटक में, बेलगावी और बागलकोट जिलों के कुछ हिस्सों में अचानक आई बाढ़ ने कहर बरपाया है। रायबाग में पानी घरों में घुस गया। इसके कारण अस्थायी तौर पर सड़कें बंद करनी पड़ीं। गुलेदगुड्डा शहर में मालाप्रभा नदी पर बना पार्वती पुल डूब गया।

### जलाशयों में पानी का प्रभाव बढ़ा

राज्य भर के जलाशयों में पानी का प्रवाह तेजी से बढ़ गया है। अलमट्टी में लाल बहादुर शास्त्री जलाशय में 12,641 क्यूसेक पानी का प्रवाह रिकॉर्ड किया गया जबकि हप्पिारागी बैराज में 11,608 क्यूसेक पानी का प्रवाह हुआ।

### आईएमडी ने नौ जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया

भारतीय मौसम विभाग ने उत्तर कन्नड़, उडुपी, दक्षिण कन्नड़, बेलगावी, धारवाड़, गडग, चिकमगलुरु, कोडागु और शिवमोग्गा जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। इन इलाकों में अत्यधिक भारी बारिश की संभावना है, जिससे जान-माल को गंभीर खतरा हो सकता है। उडुपी और कोडागु में एहतियातन स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र बंद कर दिए गए हैं। आईएमडी ने बागलकोट, बेलगावी और शिवमोग्गा के लिए ऑरेंज अलर्ट और विजयनगर, दावणगेरे, चित्रदुर्ग, बल्लारी, गडग और धारवाड़ के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

# कुछ दिन और सताएगी गर्मी

## जल्द पूर्वी भारत में मानसूनी की होगी एंट्री

**एजेंसी । नई दिल्ली**

गर्मी से बेहाल लोगों को जल्द राहत मिलने वाली है। मौसम विज्ञान एजेंसियों के अनुसार, एक नया मानसूनी सिस्टम 14 जून के आसपास बंगाल की उत्तर खाड़ी में बन रहा है। यह एक चक्रवाती परिसंचरण होगा जो 48 घंटों में मजबूत होकर ओडिशा, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की ओर बढ़ेगा। इसके प्रभाव से 16 जून के बाद इन राज्यों में जोरदार बारिश की शुरुआत होगी।

### इस बार धीमी रही मानसून की रफ्तार

दक्षिण-पश्चिम मानसून ने इस साल 2025 में असामान्य तेजी से दस्तक दी और 26 मई तक देश के 35% हिस्से को कवर कर लिया था। लेकिन इसके बाद मानसून की गति धीमी पड़ गई। मुंबई और पश्चिम बंगाल से आगे नहीं बढ़ पाया। दार्जिलिंग और कालिमपोंग तक पहुंचकर रुक गया। जबकि आमतौर पर 15 जून तक यह बिहार, झारखंड और बंगाल को पूरी तरह कवर कर लेता है।



### स्काईमेट का पूर्वानुमान: 21 जून तक पहुंचेगा दिल्ली-यूपी

निजी मौसम एजेंसी स्काईमेट वेदर के अनुसार, यह नया सिस्टम मानसून को एक नई दिशा देगा। 16 से 18 जून के बीच बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में मानसून की आधिकारिक एंट्री होगी। इसके बाद यह सिस्टम पश्चिम की ओर बढ़ते हुए 19 से 21 जून के बीच छत्तीसगढ़, पूर्वी यूपी और पूर्वी मध्य प्रदेश को कवर करेगा। सप्ताह के अंत तक यानी जून के आखिरी दिनों में मानसून की बारिश पश्चिमी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली और पूर्वी राजस्थान में भी पहुंचने की संभावना है।